हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


13 बैकुंठधाम वार्ड में जर्जर सड़कें और बदहाल नालियां, 20 साल से नहीं बदले हालात





13 कातुलबोड़ से धमधा नाका तक नेशनल हाईवे के समानांतर 2.63 करोड़ से बनेगी सर्विस लेन सड़क




## खबर संक्षेप

### नागरिक सहकारी बैंक का चुनाव 11 जनवरी को

दुर्ग। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए प्रथमतः प्रत्यायुक्त सदस्यों के निर्वाचन कराए जाने रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष द्वारा विगत 22 दिसंबर को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 3 जनवरी को अभ्यार्थियों से नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 4 जनवरी को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 5 जनवरी को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार रविवार 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुर्जर क्षेत्रीय गुजराती समाज भवन मोतीपारा दुर्ग में चुनाव संपन्न होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन

दुर्ग। जिले में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़कर 15 जनवरी हो गई है। पात्र विद्यार्थी postmatric-scholar-ship.cg.nic.in पोर्टल के माध्यम से नवीन अथवा नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं। संस्था द्वारा प्रस्ताव लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के मुताबिक अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। वहीं जिला कार्यालय स्तर पर सेक्शन लॉक, भुगतान प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथियां फरवरी तक निर्धारित हैं।

### गांजा के साथ पकड़ाई महिला पर 12 हजार का दंड

दुर्ग। नंदनी थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी अहिवारा में 1.107 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ी गई महिला मैरी पति पीए जार्ज को न्याालय ने 7 दिन के कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 27 जुलाई को शाम करीब 4 बजे की है। पुलिस ने महिला के घर में छापा मारकर गांजा जब्त किया था। मामले में प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

### बीएसपी प्रबंधन के साथ समझौता, बैठक में सहमति के बाद विधायक देवेंद्र ने पांचवें दिन तोड़ा अनशन

# देवेन्द्र का सत्याग्रह खत्म, से-9 हॉस्पिटल, मैत्रीबाग और बीएसपी स्कूलों का अब नहीं होगा निजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी के जवाहरलाल नेहरु अस्पताल सेक्टर नौ के निजीकरण सहित 7 सूत्रीय मांगों से संबंधित भिलाई को बिकने नहीं देंगे मुहिम के तहत पिछले 4 दिनों से चल रहा भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव का आमरण अनशन सत्याग्रह आज बुधवार को समाप्त हो गया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के साथ हुई समझौता वार्ता में तीन मांगों पर सहमति बनने के बाद उन्होंने समर्थकों की राय के बाद सह अनशनकर्ता पार्षद लालचंद वर्मा की सेहत बिगड़ने पर एक बच्ची के हाथों नींबू पानी पीकर अपना अनशन समाप्त किया। समझौता बैठक के बाद उन्होंने अनशन स्थल पर आकर ऐलान किया कि सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग जू और बीएसपी स्कूलों का निजीकरण नहीं किए जाने की प्रबंधन से सहमति दे दी है, बाकी मांगों के पूर्ण होने और भिलाई को बिकने से बचाने तक जन सहयोग से आगे लंबी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बीएसपी में हम किसी निजी कंपनी का बोर्ड नहीं लगने देंगे। श्री यादव के मांगें पूरी होने पर युका कांग्रेस व कांग्रेसजनों तथा यूनियनों के प्रतिनिधियों ने फूलमाला पहनाकर भावभीना स्वागत किया और बधाई दी।

बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग और तीन स्कूलों को निजी हाथों में देने के विरोध, रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने, हाउस फार आल स्कीम लागू, सेक्टर 1,4 आदि सेक्टरों को नहीं हटाने और व्यापारियो के लीज रजिस्ट्री रेट वृद्धि वापस लेने की मांगों को लेकर विधायक देवेंद्र पिछले 4 दिनों से सिविक सेंटर चौक पार्किंग ग्राउंड में आमरण अनशन सत्याग्रह कर रहे थे। प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं होने पर उन्होंने 2 दिन के अनशन को 2 दिन और बढ़ा दिया था। इस दौरान युवक कांग्रेस, यूनियनों और कई सामाजिक संगठनों,रिटायर कर्मियों और अरुण वोरा, मेयर नीरज पाल व बीडी कुरैशी, प्रदेशभर के कांग्रेस विधायकों व पूर्व विधायकों सहित अनेक लोगों का उनको समर्थन मिल रहा था। आखिरकार जन दबाव के बाद बीती देर रात कलेक्टर ने बीएसपी प्रबंधन से समझौता वार्ता प्रस्ताव के लिए विधायक श्री यादव को संदेश भिजवाया।

बाद बुधवार को भिलाई निवास में दोपहर 3 बजे श्री यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ अनशन स्थल पर सैकड़ों समर्थकों को इसकी जानकारी देकर प्रबंधन से चर्चा करने रवाना हुए। 3.20 से 4. 48 तक बीएसपी के प्रभारी डीआईसी ईडी पीएंडए पवनकुमार व विभागीय अधिकारियों के साथ देवेंद्र यादव की हुई चर्चा में पूर्व विधायक अरुण वोरा,मेयर नीरज पाल, पूर्व मेयर नीता लोधी और पूर्व पार्षद सीजू एंथोनी भी शामिल हुए।



### देवेंद्र ने मैत्रीबाग, जेएलएनएच व स्कूलों के निजीकरण नहीं होने की दी जानकारी, सत्याग्रह को बताया सफल

भिलाई निवास में मांगों पर चर्चा बाद विधायक देवेंद्र यादव ने अनशन स्थल पर पहुंचकर बेताबी से इंतजार कर रहे कांग्रेसजनों, यूनियनों के प्रतिनिधिों आदि सैकड़ों समर्थकों व मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि सौहाद्रपूर्ण माहौल में हुई हमारी चर्चा में प्रबंधन से आधी मांगों पर सहमति दी है और बाकी मांगों पर असहमति व सेल बोर्ड से चर्चा करने की बात कही। भिलाई को बचाने गांधीवादी तरीके से लंबी लड़ाई जारी रहेगी, समाधान के लिए बाकी 65 प्रति. भिलाईवासियों को सड़क पर उतरना होगा। उन्होंने बताया कि हमारी मांगों पर बीएसपी प्रबंधन ने मैत्रीबाग और सेक्टर नौ जेलएनएच अस्पताल और 3 बीएसपी स्कूलों का निजीकरण नहीं करने पर सहमति दे दी है। अस्पताल में एक्सटर्नल स्टाफ भर्ती कर कार्डियक आदि सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। वर्तमान व पूर्व कर्मियों का इलाज होते रहने पर सहमति मिली। जबकि रिटेंशन स्कीम का रेट बढ़ने संबंधी नया नियम वापस लेने व व्यापारियों के लीज रजिस्ट्री रेट वृद्धि वापस लेने व हाउस आल स्कीम मांग पर सेल बोर्ड से चर्चा करने का आश्वसन दिया। वहीं बीएसपी के ठेका मजदूरों को मिनिमम वेज देने की मांग पर प्रबंधन ने पालिसी बनाने पर सहमति दी। छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को कुशल मजदूर बनाने सेक्टर 5 में स्किल्ड ट्रेनिंग सेंटर खोलने का आश्वासन दिया ताकि इन्हें भी 40 हजार वेतन मिल सके। स्थानीय ठेकेदारों को बीएसपी मे पर्याप्त काम मिलने की मांग पर कांट्रेक्टर एसो. से चर्चा कर समाधान करने की बात प्रबंधन ने कही। श्री यादव ने कहा कि प्रबंधन को बताया कि सेक्टर 7 आदि के गरीब रहवासियों को पीएम आवास मिलने तक बेघर नही होने देंगे। रिटेंशन आवास स्कीम में रेट वृद्धि वापस लेने व रिटेंशन को लायसेंस आवास पर देने की मांग पर प्रबंधन ने दिल्ली उच्च प्रबंधन से चर्चा करने की बात कही।

### हक के लिए जारी रहेगी लड़ाई:देवेंद्र यादव



विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया व समर्थकों से चर्चा में कहा कि हमें सभी के सहयोग से अभी कुछ सफलता मिली है। इस कामयाबी में राज्य व देश के हजारों कांग्रेस व यूनियनों तथा बीएसपी कर्मी साथियों व बहनों का संबल मिला है। हम भिलाई को हर्गिज बिकने नहीं देंगे। हमारी लड़ाई आगे गांधीवादी तरीके से जारी रहेगी। भिलाई को नेहरुजी हमारे पूर्वजों, जिनमें सभी धर्मों, जातियों के लोग शामिल थे, ने अपनी खून पसीने से बसाया है। मैत्रीबाग या अन्य जमीन राज्य सरकार अपने संरक्षण में ले सकती है लेकिन निजी कंपनी को नहीं लेने देंगे। उन्होंने कहा कि रिटेंशन फरमान वापस लेने यूनियनों के साथ 30 दिसंबर को बैठक कर आगे क्या करना है निर्णय लेंगे। प्रबंधन ने कहा कि है भिलाई की बसाहट बदलने से पूर्व राज्य सरकार को रोडमैप दिखाएंगे।

### यूनियनों व कांग्रेसजनों की राय पूछकर किया अनशन समाप्त, जारी रहेगा विरोध

सिविक सेंटर अनशन स्थल मंच पर श्री यादव ने प्रबंधन के साथ हुई बैठक की प्रगति की जानकारी देने के बाद समर्थकों से अनशन करें या न करें को लेकर ओपियन देने कहा। पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित लीज संघर्ष समिति के प्रमुख राजेंद्र परगनिहा,सीटू के एसपी डे, डीवीएस रेड्डी, छमुमो जेपी नायर, लोईमू के सुरेंद्र मोहंती, योगेंद्र सोनी रिटेंसन संघ पीआर वर्मा, व्यापारी संघ के केके कटारिया,सेल एसटीएससी कर्म. एसो. के सुनील रामटेके, रिसाली के सभापति केशव बंछोर,योगेंद्र सोनी, एटक के वीके सोनी, इंटक के संजय साहू , श्री अग्रवाल व भिलाई ननि के स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू व युवा कांग्रेस नेताओं ने संबोधन में मांगें पूरी होने पर हर्ष जताते हुए विधायक से अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। निजीकरण पर लंबी लड़ाई जारी रखने की अपील की। बाद अनशन से स्वास्थ्य गिरने से बीमार हुए लालचंद वर्मा के हाथों जूस पीकर देवेंद्र यादव ने अनशन समाप्त किया। इस दौरान अनशन मैदान में बैठक के परिणाम को लेकर सैकड़ो लोग बेसब्र दिखे। उन्होंने जैसे ही 4 मांगें पूरी होने की जानकारी दी युवा कांग्रेसजनों सहित यूनियनों के लोग खुशी से बधाई देते रहे। लेकिन रिटेंशन स्कीम पर कोई निर्णय नहीं होने से रिटेंशनधारी निराश दिखे।

## रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर 37.51 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने 6 कंपनियों के संचालको के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 06 सड़क 3 जी प्रगति नगर रिसाली निवासी निरंजन प्रसाद दास ने शिकायत किया है कि 24 फरवरी 2024 से 25 अगस्त 2025 के मध्य विभिन्न कंपनीयो में इन्वेस्टमेंट करने का झांसा देकर प्रलोभन देकर 37 लाख 51 हजार रूपये का ऑनलाईन ठगी किया गया। निरंजन दास के फेसबुक में एक विज्ञापन आया। जिसमे पैसा जमा करने पर बैंक से ज्यादा लाभांश मिलने का झांसा दिया। जिसे देख पीड़ित ने सेवानिवृत्त के बाद मिले पैसो को इन्वेस्ट करना चाहता था। विज्ञापन में दिए अलग अलग कंपनियो के मोबाइल नंबरो में सीटी धन पुने महाराष्ट्र 2 लाख रूपये, शासतीक ग्लोबल एलएलपी चेन्नई 2 लाख, विश्वास वर्ल्ड टेक बैंगलोर में 3 लाख, मारवलस मुनिस इंदौर 7 लाख 51 हजार,वेदिका पाटर्नस इंदौर मे 10 लाख रूपये, नेक्सट इन टेक्नोलाजी इंदौर में 13 लाख रूपये अलग अलग खातों में व यूपीआई के माध्यम से पत्नी उत्तमा दास के बैंक के क्रेडिट कार्ड के खातों से ट्रांसफर किया गया। इसके अलावा पीड़ित पंजाब नेशनल बैंक के क्रेडिट कार्ड, सेविंग खाता, ए. यू स्मॉल फायनेंस बैंक, आईडीएफसी केडिट कार्ड से रकम का ट्रांसफर किया। कुछ माह बाद सभी कम्पनियों ने इन्वेटमेंट का 4 प्रतिशत दिया जा रहा था। इसके बाद 4 से 5 माह से कंपनियों द्वारा कोई राशि नहीं दिया गया।

## सामान्य से पारा 4.5 डिग्री नीचे, और बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, शीतलहर चलने के आसार

बुधवार की रात का पारा 9.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 4.5 डिग्री कम था। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर चलने के आसार है। इससे आगामी दिनों में ठंड और बढ़ेगी। दिन का तापमान 31.2 डिग्री रहा, जो सामान्य के करीब रहा। बता दें कि 22 दिसंबर को सीजन में पहली पार अधिकतम तापमान 27 डिग्री से नीचे गिरकर 26.4 डिग्री पहुंचा था, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा, जो सीजन में सबसे ठंडा दिन रहा। वर्ष 2021 के बाद 22 दिसंबर की तिथि में पहली बार न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। हालांकि इससे पहले 2021 में 21 दिसंबर को 5.6 और 22 दिसंबर को 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा है। विभाग का अनुमान है कि अभी 25 दिसंबर तक दिन और रात दोनों के तापमान में लगातार कमी आएगी। इसके बाद इसमें आंशिक वृद्धि की संभावना है। साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर और 1 जनवरी की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। वर्ष 2025 में 7 दिसंबर को 9.2 डिग्री, 9 दिसंबर को 8.9 डिग्री, 15 दिसंबर को 9.4 डिग्री और 18 दिसंबर को 9.2 डिग्री, 21 को 9.2 डिग्री और 22 को 8.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक इन दिनों सिर्फ रात में ही नहीं, बल्कि दिन में भी उत्तरी हवा आ रही है।

इस बार पश्चिमी विक्षोभ कम गुजर रहा है और जो गुजर रहा है, उसका प्रभाव भी कम है। इसकी वजह से इस बार धीरे-धीरे पारा गिर रहा है और धीरे-धीरे ही तापमान में वृद्धि संभव है। इस दौरान सुबह कोहरे की स्थिति भी बनी रह सकती है।

## श्रमिक की मौत के मामले में मकान मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- घटना धमधा थाना क्षेत्र की पुलिस कर रही जांच

नींव खोदते समय दीवार गिरने से एक ठेका श्रमिक की मौके पर ही मौत होने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक के खिलाफ धारा 106(1) अपराध दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम हिरेतरा में 14 नवंबर 2025 को मकान का नींव खोदते समय दीवार गिरने से ग्राम पेण्ड्रावन निवासी श्रमिक कमलनारायण ठाकुर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। धमधा पुलिस को जांच में पता चला कि श्रमिक की मौत लापरवाही के कारण ही हुई है। पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का अपराध कायम किया है। मृतक साथियों के साथ ग्राम हिरेतरा स्थित डॉ. गुरूदेव चंदेल के निमार्णाधीन मकान में मजदूरी करने पहुंचा था। मकान की नींव खुदाई का काम चल रहा था। तभी नींव के ठीक बगल में एक पुरानी और जर्जर मिट्टी की दीवार खड़ी थी। वह दीवार काम के दौरान कमल के ऊपर जा गिरा और बिना दीवार को हटाए मजदूरों से काम लिया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई। कमलनारायण नींव के गड्ढे में मलबे के नीचे दब गया। सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान उसके साथ ईश्वरी गायकवाड को भी चोटें आईं थी।



### बयान के बाद पता चला

पुलिस जांच के दौरान गवाहों का बयान भी लिया गया था। जिसमें पता चला कि मकान मालिक डॉ. गुरुदेव चंदेल द्वारा मजदूरों से असुरक्षित परिस्थितियों में भी काम कराया जा रहा था। जर्जर दीवार को बिना हटाए नींव खोदा जा रहा है। इस कारण हादसा होना पता चला है। कुल मिलाकर काम में लापरवाही की गई थी।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301







ADMISSION OPEN
from February 1st Week
Nursery to XI
Wish you all Merry Christmas & Happy New Year 2026
Mob.: 8871924700
NIRMALA RANI VIDYALAYA
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
KHURSIPAR, BHILAI, DIST.-DURG (C.G.) INDIA
(Governed by Vidya Jyoti Vikas Samity, Raipur Regd. No. 5399)
SEMIS CODE - 22100719404, SCHOOL CODE - 142013
E-mail : nirmalaranividyalaya@gmail.com

# MERRY Christmas

A Well Wisher
MERRY CHRISTMAS

क्रिसमस केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, सेवा और मानवता का संदेश देने वाला वैश्विक उत्सव है। हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह पर्व ईसा मसीह के जन्म की स्मृति में पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस ऐसा त्योहार है, जो सीमाओं, भाषाओं, देशों और धर्मों से ऊपर उठकर इंसानियत को जोड़ने का काम करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया में शांति, भाईचारे और प्रेम की सबसे ज्यादा जरूरत है।

JYOTI GROUP OF INSTITUTIONS
Wish You Merry Christmas and a Very Happy New Year
9926899948, 7828318959, 9522155362
Jyoti campus, GE Road BMY, Charoda, Dist-Durg Chhattisgarh - Pin: 490025
jyotischoolcharoda@gmail.com
www.jyotischoolcharoda.in

Merry Christmas & Happy New Year
AFFILIATED TO CBSE (AFFILIATION NO-3330041)
BETHANY VIDYALAYA BORSI DURG
School Admission Open 2026-2027
NURSERY TO VIII & XI
Our Specialities
Value- Based Education.
Safe & Peaceful Campus.
Smart Classrooms & Digital Learning Tools.
Well-Equipped Science, Computer & Language Labs.
Personal Attention & Mentoring.
Vibrant Co-Curricular & Cultural Activities.
Sports & Fitness Training.
"We Shape Minds, Build Character, and Inspire Dreams."
Bethany Vidyalaya (CBSE)
9691390884, 7389959708
bethanyschooldurg.in
bethvid3330041@gmail.com




ALERT SERVICE BUREAU
INDUSTRIAL SECURITY DIVISION & MANPOWER SUPPLY
Wish You MERRY CHRISTMAS
32, Ravi Shankar Shukla Market, Power House, Bhilai
R. DAVID Proprietor
Mob.: 9300476947, 9993266669

M.G.M. SENIOR SECONDARY SCHOOL SECTOR 6, BHILAI
wishes you all MERRY Christmas Happy New Year
Log on to www.mgmbhilai.org to register or Scan here!
ADMISSION OPEN For Session 2026-27
NURSERY, KG1, KG2, CLASS 1, CLASS 2, CLASS 3 & CLASS 5

## ईसा मसीह का जन्म: एक दिव्य कथा

ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल के अनुसार, ईसा मसीह का जन्म बेथलहम में हुआ था। उनकी माता मरियम और पिता यूसुफ साधारण जीवन जीने वाले लोग थे। कहा जाता है कि ईसा का जन्म एक गौशाला में हुआ, क्योंकि सराय में जगह नहीं थी। यह घटना अपने आप में गहरा संदेश देती है–ईश्वर ने भी सादगी और विनम्रता का मार्ग चुना।

ईसा मसीह का जन्म स्वर्गदूतों द्वारा चरवाहों को बताया गया था, और आकाश में एक चमकता तारा उनके जन्म का संकेत बना। तीन बुद्धिमान राजाओं (मागी) ने उस तारे का अनुसरण कर नवजात ईसा को उपहार भेंट किए। यह कथा आज भी लोगों को विनम्रता, त्याग और विश्वास का संदेश देती है।

### क्रिसमस का आध्यात्मिक संदेश

क्रिसमस का मूल संदेश है—"प्रेम करो, क्षमा करो और सेवा करो।" ईसा मसीह ने अपने पूरे जीवन में प्रेम, करुणा और समानता की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य ईश्वर की संतान हैं और किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं–

**गरीबों और जरूरतमंदों की मदद**
**दुश्मनों से भी प्रेम**
**अहंकार से दूर रहना**
**सत्य और न्याय का पालन**

क्रिसमस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि हम अपने जीवन में इन मूल्यों को कितना अपनाते हैं।

### क्रिसमस मनाने की परंपराएं

दुनिया के अलग-अलग देशों में क्रिसमस को अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है, लेकिन उत्सव की भावना एक जैसी होती है।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं। आधी रात को "मिडनाइट मास" का आयोजन किया जाता है, जिसमें यीशु के जन्म की कथा सुनाई जाती है। क्रिसमस कैरल–भक्ति गीत–पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और आनंदमय बना देते हैं।

### क्रिसमस ट्री और सजावट

क्रिसमस ट्री इस पर्व का सबसे लोकप्रिय प्रतीक है। इसे रंग-बिरंगी लाइट्स, सितारों, गेंदों और घंटियों से सजाया जाता है। ट्री के ऊपर लगाया गया तारा बेथलहम के तारे का प्रतीक माना जाता है।

### सांता क्लॉज की कहानी

सांता क्लॉज बच्चों के लिए क्रिसमस का सबसे आकर्षक हिस्सा होता है। माना जाता है कि सांता अच्छे बच्चों को उपहार देते हैं। यह परंपरा दया, उदारता और खुशियां बांटने की भावना को दर्शाती है।

### उपहार और खुशियों का आदान-प्रदान

क्रिसमस पर उपहार देना-लेना केवल वस्तुओं का लेन-देन नहीं, बल्कि प्रेम और अपनापन जताने का तरीका है। परिवार के सदस्य, मित्र और पड़ोसी एक-दूसरे को उपहार देकर अपने रिश्तों को मजबूत करते हैं। हालांकि, क्रिसमस हमें यह भी सिखाता है कि सबसे बड़ा उपहार समय, प्रेम और सहानुभूति है–जो हम दूसरों को दे सकते हैं।

### क्रिसमस और सेवा भावना

क्रिसमस के समय समाज सेवा का विशेष महत्व होता है। कई लोग इस दिन–

गरीबों को भोजन कराते हैं
जरूरतमंदों को कपड़े बांटते हैं
अनाथालय और वृद्धाश्रम में समय बिताते हैं

यह सेवा भावना ईसा मसीह की शिक्षाओं का सजीव उदाहरण है। वास्तव में, क्रिसमस तभी सार्थक होता है जब हम किसी और के चेहरे पर मुस्कान ला सकें।

### भारत में क्रिसमस का उत्सव

भारत में क्रिसमस धार्मिक सीमाओं से परे जाकर मनाया जाता है। केरल, गोवा, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और उत्तर-पूर्वी राज्यों में इसका विशेष उल्लास देखने को मिलता है।

चर्चों को रोशनी और फूलों से सजाया जाता है
घरों में केक बनाए जाते हैं
स्कूलों और संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं

भारत की विविधता में क्रिसमस एकता और भाईचारे का सुंदर उदाहरण है।

क्रिसमस के पारंपरिक व्यंजन

क्रिसमस पर विशेष पकवान बनाए जाते हैं–

**प्लम केक**
**कुकीज़**
**चॉकलेट**
**विभिन्न देशों में पारंपरिक मीठे व्यंजन**

ये पकवान परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खाने का आनंद बढ़ाते हैं और उत्सव को यादगार बनाते हैं।

### आधुनिक समय में क्रिसमस का स्वरूप

आज के समय में क्रिसमस का स्वरूप थोड़ा बदल गया है। बाजारों में सजावट, ऑफर्स और उपभोक्तावाद बढ़ा है। हालांकि, इस चकाचौंध में क्रिसमस का असली संदेश–प्रेम और सेवा–कहीं खो न जाए, इसका ध्यान रखना जरूरी है।

क्रिसमस हमें याद दिलाता है कि–

**सादगी में सुंदरता है**
**रिश्ते सबसे बड़ा धन हैं**
**मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं**

**क्रिसमस और शांति का संदेश**

दुनिया आज युद्ध, हिंसा, तनाव और असमानता से जूझ रही है। ऐसे समय में क्रिसमस का शांति का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ईसा मसीह को "प्रिंस ऑफ पीस" कहा जाता है।

क्रिसमस हमें प्रेरित करता है कि–

**हम हिंसा नहीं, संवाद को चुनें**
**नफरत नहीं, प्रेम फैलाएं**
**विभाजन नहीं, एकता को अपनाएं**

**बच्चों और युवाओं के लिए क्रिसमस का महत्व**

क्रिसमस बच्चों में कल्पना, उत्साह और दया की भावना विकसित करता है। वहीं युवाओं के लिए यह आत्मचिंतन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक खुशी में निहित है।

Wishes you Merry Christmas
Pen India Service Provider
GeM Government e Marketplace
जेम टेंडर के माध्यम से आर्डर लिए जाते हैं।
आपकी सुरक्षा-हमारा कर्तव्य
BHILAI TRADING CO.
"Passionate for Your Safety Awarness"
RAVI KOTIKALA
FIRE & SAFETY CONSULTANT
Our Proud Partner
Shop No. 11, Block 09, Priyadarshani Parisar, East Supela, Bhilai, Dist.-Durg (CG), Mob. : +919406461642
email :bhilaitradingco@gmail.com, email : bhilaitrading@ceasefirecba.com

MERRY CHRISTMAS
May the magic of the season bring joy to every home and goodwill to all people, and may the Christmas spirit inspire hope, foster kindness, and bring peace to our community and the world."
Warm Christmas wishes from
Mar Baselios Vidhya Bhawan
School Kailash Nagar Bhilai
07882999078, 6265776206

CHRISTIAN COMMUNITY CHURCH
SECTOR-6, BHILAI
CHRISTIAN COMMUNITY CHURCHES IN & AROUND BHILAI
C.C. Church, Dali Rajhara
C.C. Church, Nandini
C.C. Church, Charoda
C.C. Church, Khursipar
C.C. Church, Borsi
C.C. Church, Jamul
Wish You all Merry CHRISTMAS & A Happy NEW YEAR - 2026

CHRISTIAN COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
FORMERLY KNOWN AS MPCCET
KAILASH NAGAR-BHILAI
ST. THOMAS COLLEGE
RUABANDHA - BHILAI
Re-accredited with NAAC A Grade
41 YEARS ESTD.-1984
UNDER THE AEGIS OF ST.THOMAS MISSION & DIOCESE OF CALCUTTA
COURSES OFFERED
DIPLOMA
B.TECH
MCA
M.TECH
NEW COURSES
IN CAMPUS HOSTEL
Ph.D
BA BSc BCom BBA
NOW MORE THAN EVER
www.stthomascollegebhilai.in
9826141686 9425557762 0788-2286662 9826141686 0788-2275970, 2961770 9406256388

# धर्मान्तरण के विरोध में बंद रहा शहर, चेम्बर, कैट और सामाजिक संगठन रहे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांकेर के आमाबेड़ा में धर्मान्तरण के बाद सामने आए हिंसक घटना और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ सर्व समाज द्वारा बुधवार को छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान का दुर्ग शहर में व्यापक असर रहा। बंद से आवश्यक सेवाओं की दुकानों को अलग रखा गया था, जिसके चलते मेडिकल दुकानें, नर्सिंग होम व अन्य आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शहर की इंदिरा मार्केट समेत सभी बड़ी व छोटी मार्केटों के दुकाने व प्रतिष्ठानें बंद रहे। लोगों को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।

बंद के दौरान दुर्ग-भिलाई शहर में किसी भी क्षेत्र से अप्रिय स्थिति की घटना सामने नहीं आई। इससे बंद शांतिपूर्ण रहा, वहीं किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस मोर्चा संभाले रही। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की विशेष तैनाती रही। सर्व समाज द्वारा बंद के आव्हान को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज,कैट के अलावा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया था। दुर्ग जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य बंद के दौरान बाजारों में सक्रिय रहे। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य दुर्ग जिलाध्यक्ष अनूप गटागट के नेतृत्व में सुबह इंदिरा मार्केट में एकत्रित हुए और मोटरसायकल रैली निकालकर बंद की स्थिति का लगातार जायजा लेते रहे।

## भिलाई-दुर्ग सहित पूरे जिले में दिखा असर, दोपहर बाद खुल गईं दुकानें, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### रैली निकालकर दर्ज कराया विरोध, व्यापारियों ने दुकानें स्वस्फूर्त रखी बंद

चेम्बर पदाधिकारी इंदिरा मार्केट, सराफा बाजार, हटरी बाजार, गंजपारा, थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव, पटेल चौक,स्टेशन रोड, अग्रसेन चौक,शहीद चौक, सिंधी कॉलोनी,राजेन्द्र पार्क चौक, आदर्शनगर के अलावा शहर के अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों में पहुंचे, लेकिन बंद के आव्हान के चलते चेम्बर पदाधिकारियों को अधिकांश मार्केटों में स्वतः ही दुकानें बंद मिली। कुछ क्षेत्रों में दुकानें खुली भी मिली,तो चेम्बर पदाधिकारियों द्वारा व्यवसायियों से धर्मान्तरण के खिलाफ अपनी दुकानें बंद रखने का आग्रह कर दुकानें बंद करवाई गई। व्यापारियों ने स्वतः ही दुकानें बंद रख यह संदेश दिया है कि इस तरह की घटना के खिलाफ व्यापारी हमेशा चेम्बर के साथ खड़े हुए है।



### आमाबेड़ा की घटना निंदनीय, इसका पूरे प्रदेश में विरोध, आगे भी प्रदर्शन की तैयारी

बंद के दौरान मोर्चा संभाले दुर्ग जिला चेम्बर के अध्यक्ष अनूप गटागट ने कहा कि कांकेर के आमाबेड़ा की घटना निंदनीय है। इसके विरोध में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर अपना आक्रोश जताया है। श्री गटागट ने कहा है कि दुर्ग शहर पूर्णतः बंद रहा है। बंद के दौरान चेम्बर दुर्ग जिलाध्यक्ष अनूप गटागट, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, शिव चंद्राकर, जिला महामंत्री कुलदीप सिंह, चेयरमैन किशोर जैन, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम भंडारी,अरुण दुग्गड़, आशीष सेक्सरिया, दिनेश मारोटी, दितेश बादानी, महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, महामंत्री नीतू श्रीवास्तव, आराधना पांडेय, मंजू शर्मा के अलावा अन्य व्यापारी सक्रिय रहे। बजरंग दल ने भी रैली निकालकर अपना आक्रोश जताया। तत्पश्चात बजरंगियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की आवाज उठाई।

## खबर संक्षेप

### तुलसी पूजा आज

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के बालसंस्कार विभाग द्वारा 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाने का संदेश देते हुए विभिन्न स्कूलों में शा माध्यमिक शाला बोरसी भाटा दुर्ग, महामाया पब्लिक स्कूल दुर्ग, राष्ट्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, दुर्ग जिला के स्कूलों और अन्य स्थानों पर तुलसी पूजन दिवस मनाई जा रही है। सभी बच्चे उत्साह के साथ तुलसी पूजन दिवस में भाग ले रहे है। कार्यक्रम में बच्चे तुलसी पूजन का संकल्प भी लिए।

### निधन

#### वंदना मित्तल

दुर्ग। कादंबरी नगर दुर्ग निवासी



वंदना मित्तल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कादंबरी नगर स्थित निवास से गुरुवार सुबह 10 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे ओमप्रकाश मित्तल की पत्नी और राहुल मित्तल की मां थी।

#### भगवंती शर्मा

दुर्ग । आदर्श नगर पोटिया रोड



निवासी राधेश्याम शर्मा की पत्नी भगवंती शर्मा 87 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे शिवनाथ मुक्तिधाम में किया जाएगा। वें जामुल नर्सिंग होम,जैमिनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रघुनंदन शर्मा एवं चिरंजीवी शर्मा, ब्रिज किशोर शर्मा, कृष्ण शर्मा की मां थीं।

## वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का संकट, समस्याओं से राहत दिलाने विधायक

# बैकुंठधाम वार्ड में जर्जर सड़कें और बदहाल नालियां, 20 साल से नहीं बदले हालात

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम वार्ड के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। इलाके की कई सड़कों की हालत बेहद खराब है। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 20 साल से सड़क नहीं बनी, जिसके कारण जगह-जगह सड़कें टूट चुकी हैं और चलना तक मुश्किल हो जाता है। इस वार्ड में नालियों की सफाई भी ठीक से नहीं हो रही। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और सड़कों से ऊपर होने के कारण बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि बारिश के दिनों में कई सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाता है और घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि चुनाव के समय वोट मांगने के दौरान ही दिखाई दिए थे। उसके बाद क्षेत्र की समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। समस्याओं का निराकरण नहीं होते देख सड़क निर्माण को लेकर वार्डवासियों ने वैशालीनगर विधायक को लिखित में ज्ञापन भी सौंपा है।



### नारकीय जीवन जीने को मजबूर वार्ड 32 के लोग



### पार्षद पर लगाया लापरवाही का आरोप

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम वार्ड के रहवासी लंबे समय से जर्जर सड़कों, जलभराव और नालियों की खराब व्यवस्था से परेशान हैं।



वार्ड निवासी फुलवती कनोजिया और सरोज वर्मा ने बताया कि इस इलाके में सड़क करीब 20 साल पहले पूर्व पार्षद राजेन्द्र अरोरा के समय बनी थी। उसके बाद से अब तक सड़क का कोई सुधार कार्य नहीं हुआ। नर्मदेश्वर मनोकामना ज्योतिर्लिंग के सामने रहने वाले लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क की तुलना में उनकी गली का सड़क स्तर नीचे है। हल्की बरसात होते ही वहां घुटनों तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है और घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता है। वार्डवासियों ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार निर्वाचित जनप्रतिनिधि से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। करीब पांच माह पहले वार्ड की करीब 15 महिलाएं व पुरुष विधायक कार्यालय पहुंचे और सड़क व जलनिकासी की समस्या को लेकर लिखित आवेदन सौंपा गया है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर पार्षद पति मौके पर आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निवार्चित जनप्रतिनिधि को कभी इलाके में सक्रिय तौर पर नहीं देखा गया।

### बदहाल सफाई व्यवस्था और बजबजाती नालियां

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम वार्ड के लोग



नालियों की खराब सफाई व्यवस्था और जलभराव से परेशान हैं। वार्ड निवासी सुमित्रा पाण्डेय और शिव प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि यहां नालियों की सफाई चार माह में सिर्फ एक बार होती है। इसी वजह से कई नालियां गंदगी से भर चुकी हैं और बदबू फैल रही है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाली का स्तर नीचे होने के कारण बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। बारिश होते ही घुटनों तक पानी भर जाता है और नालियों का गंदा पानी घरों के अंदर तक पहुंच जाता है। वार्डवासियों का कहना है कि वे कई बार जन प्रतिनिधि से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला।

### छोटे कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन नहीं

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम वार्ड में



सामुदायिक भवन की मांग लोगों ने की। वार्ड निवासी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इलाके में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण लोगों को छोटे-छोटे सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए जगह तलाशनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि वार्ड में कई ऐसे खाली स्थान मौजूद हैं, जहां सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा सकता है। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। जितेन्द्र सिंह ने नगर निगम से जल्द सामुदायिक भवन बनाने की मांग की है, ताकि वार्ड के लोगों को एक स्थायी सामुदायिक स्थल मिल सके।

# टोकन नहीं कटने से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- कांग्रेस करेगी आंदोलन

धान बेचने को लेकर किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। टोकन के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए उन्हें दिक्कत हो रही है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बृजकिशोर शर्मा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की जाए, अन्यथा किसानों को सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में किसान परेशान हो रहे हैं। यह मामला लगातार कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उठाया जा रहा है। झीट में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहुंचकर धान खरीदी के दौरान अनियमितता का भी खुलासा किया था। बावजूद इसके प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं होने की स्थिति में कांग्रेस के कार्यकर्ता किसानों के साथ मिलकर विरोध दर्ज कराएंगे। समितियों के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि धान खरीदी में प्रतिदिन लिमिट बेहद कम होने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी के लिए टोकन नहीं कटने से परेशान हो रहे हैं। परेशान किसान तहसील कार्यालय, धान खरीदी केंद्र, पटवारी, लैम्प्स कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। किसानों की समस्या से मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारी, कर्मचारियों को कोई सरोकार नहीं है। जिले में चल रही धान खरीदी में बड़ी संख्या में फर्जीवाड़ा करने की शिकायतें मिल रही है अवैध धान खरीदी, परिवहन व भंडारण रोकने प्रशासन ने टीमें बनाई हैं। बावजूद समस्या जस के तस बनी हुई है।

## पूर्व पीएम अटल का मनाया जन्म शताब्दी

दुर्ग। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष



अवसर पर अटल स्मृति वर्ष का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत चंडी शीतला मंडल के वार्ड 3 मठपारा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के आस-पास साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री आशिफ अली सैय्यद, जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन, कार्यक्रम मंडल संयोजक नवीन साहू, संतोष जयसवाल, दिनेश्वरी तुरकर, रश्विन वाल्दे, पार्षद नरेंद्र बंजारे, शशि साहू, गोविंद देवांगन, शीतल जांगिड़, कन्हैया चंद्राकर, सरला चौहान, मीनाक्षी महोबिया आदि मौजूद थे।

# अटल परिसर का लोकार्पण आज मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में पूरे प्रदेश में अटल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निर्मित अटल परिसर का गुरुवार 25 दिसम्बर को लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा। जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में एक साथ लोकार्पण का शुभारंभ किया जाएगा।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि श्री बाजपेयी देश की राजनीति में आदर्श नेतृत्व और जनसेवा के प्रतीक रहे हैं। उनकी स्मृति में बनाए जा रहे इस परिसर को नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बनाना प्राथमिकता है। आयुक्त सुमित



अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा,पेयजल, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल की विचारधारा और प्रेरक व्यक्तित्व की छाप भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम स्थल 25 दिसम्बर को सुबह 10 बजे जेल तिराहा के करीब अटल परिसर का लोकार्पण किया जाएगा।

# गुरु घासीदास जयंती एवं गुरुपर्व पर आज उरला में सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती एवं गुरुपर्व समारोह का आयोजन 25 दिसंबर गुरुवार को जयस्तंभ चौक, सतनामी पारा वार्ड न 57-58 उरला में भव्य रूप से किया जाएगा। आयोजन को लेकर सतनामी समाज सहित क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गजेन्द्र यादव मंत्री शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर बंजारे अध्यक्ष सतनामी आश्रम कल्याण समिति द्वारा की जाएगी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कंशी राम कोसरे प्रभारी पर्यावरण उद्यानिकी विभाग एवं बालक दास डहरे व उरला पार्षद सरस निर्मलकार की उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा कई सम्माननीय गणमान्य अतिथि एवं सामाजिक विशिष्टजन भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे होगी। इस अवसर पर ग्राम कोडवा बालोद की बालिका पंथी पार्टी द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं रात्रिकालीन सत्र में धरोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महादेव हिरवानी, राजनांदगांव द्वारा किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समस्त सतनामी समाज वार्डवासी युवा एवं महिला समिति, उरला, दुर्ग ने समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी समाज के प्रमुख कार्यकर्ता मनोज टंडन व अजीत चतुर्वेदी ने दी।

# कार्यशाला में महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने और आगे बढ़ाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महिलाओं को स्वरोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला उद्यम वित्त ऋण विषय पर आधारित एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डीपीआरसी अंजोरा दुर्ग में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को ऋण आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, ऋण राशि, ब्याज दर, पुनर्भुगतान प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बिज़नेस प्लान



तैयार करने, बैंक से संपर्क स्थापित करने तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यशाला का कार्यशाला में महिला उद्यम ऋण योजना, व्यवसाय प्रारंभ एवं विस्तार, परियोजना प्रतिवेदन निर्माण, बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

## ई-केवायसी बनी हितग्राहियों की समस्या, खाद्य विभाग से शिकायत

# राशन के लिए हितग्राही काट रहे राशन दुकानों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- पूर्व विधायक अरुण वोरा पहुंचे खाद्य विभाग

शासन के सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत बीपीएल और एपीए राशन कार्ड के कई पात्र हितग्राहियों को पिछले दो-तीन माह से राशन दुकानों से राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से हितग्राही राशन दुकानों व खाद्य विभाग का चक्कर काटने विवश है, लेकिन उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। फलस्वरुप खाद्य विभाग की कार्यशैली के खिलाफ हितग्राहियों का आक्रोश बढ़ने लगा है। यही आक्रोश बुधवार को हितग्राहियों का खाद्य विभाग में देखने में सामने आया, जब राशन नही मिलने से नाराज हितग्राही बड़ी संख्या में खाद्य विभाग के कार्यालय में पहुंचे थे और इसे लेकर अपनी जमकर नाराजगी जताई। खबर पर राशन कार्ड हितग्राहियों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा और पूर्व महापौर आरएन वर्मा भी खाद्य विभाग के दफ्तर पहुंचे थे। उन्होने राशन दुकानों से राशन नहीं मिलने को हितग्राहियों के साथ बड़ा अन्याय बताया और व्यवस्था सुधारकर तत्काल हितग्राहियों को राशन उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। खाद्य विभाग पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और हितग्राहियों की मुलाकात खाद्य नियंत्रक से नहीं हो पाई। उनकी अनुपस्थिति में सहायक खाद्य अधिकारी वसुंधरा गुप्ता ने उन्हें बताया कि ई-केवायसी नहीं करवाने की वजह से ऐसे हितग्राहियों को राशन का आबंटन नहीं हो पा रहा है। परिवार के एक सदस्य का भी ई-केवायसी नहीं होने की स्थिति पर राशन नहीं मिलेगा। इस पर हितग्राहियों ने सहायक खाद्य अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया और हितग्राहियों ने कहा कि अभी 6 महीने पहले ही परिवार के सदस्यों का ई-केवायसी करवाया गया था। परिवार के बुजुर्ग सदस्यों व बच्चों का तकनीकी खामियों की वजह से ई-केवायसी नहीं हो पाया था। अगर परिवार के एक सदस्य का ई-केवायसी नहीं हुआ है, तो परिवर को राशन देना बंद कर देना गरीब परिवार के साथ अन्याय है।



### शासन निर्णय का करे पुनर्विचार, नहीं तो उग्र आंदोलन

शासन व प्रशासन को इसका विकल्प निकालकर राशन कार्डधारियों को राशन आबंटन कर राहत प्रदान करनी चाहिए, ना कि राशन देना बंद कर देना चाहिए। हितग्राहियों के सवाल के जवाब में सहायक खाद्य अधिकारी वसुंधरा गुप्ता का कहना था कि ई-केवायसी के इस समस्या के समाधान के लिए ई-केवायसी से छुटे परिवार के बुजुर्ग सदस्यों व बच्चों का आधार कार्ड व परिवार के राशन की छायाप्रति विभाग द्वारा एकत्रित की जा रही है। केवायसी से छुटे ऐसे सदस्यों का लिस्टिंग कर समस्या समाधान के लिए शासन से मार्गदर्शन मांगा जाएगा ताकि कोई भी पात्र हितग्राही राशन लेने से वंचित ना हो सके।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री भिखुराम केवट पिता स्व. सोनू लाल निवासी ग्राम गोता, तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग., से उनके स्वत्व एवं धारण की कृषि भुमि स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है जो मौजा गोता, प.ह. न. 24, रा.नि.ग. दारगॉव तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. जिसका खसरा क्र. 413/4, रकबा 0. 8000 हे., (दो एकड़) हैं। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बियाने की राशि दे दी है जिसकी पंजियन की कार्यवाही अतिशीघ्र होनी है।

अतः उपरोक्त संपत्ति एवं सौदा के बाबत् किसी व्यक्ति, वारिसान सीमावर्ती भुमिस्वामी बैंक, वितीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय विभाग कार्यालय नगर पंचायत अथवा किसी अन्य को आपत्ति या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिनो के अन्दर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त आपति मेरे पक्षकार को मान्य एवं बंधनकारी नही होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के कर्ज भारो वो विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजियन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थान :- कुम्हारी
दिनाक:-24/12/2025

मुहर


ASHWANI KUMAR BHARTI
(ADVOCATE)
Office- G.E. Road Near, SBI Bank
Kumhari Dist.-Durg (CG)
Mob. : 62651-07567




## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती आज

**उतई।** नगर पंचायत उतई के बाजार चौक स्थित गुरु घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति उतई में 25 दिसम्बर दिन गुरुवार को परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सरस्वती नरेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत उतई होंगे।



### खिलेशवर को कारण बताओ नोटिस

**भिलाई।** प्रदेश कांग्रेस युवां कांग्रेस के परभारी महामंत्री (संगठन व प्रशासन) गुलजेब अहमद ने अहिवारा विधायन सभा अध्यक्ष खिलेश्वर यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इस दौरान खिलेश्वर को तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। इसके अलावा नोटिस में बताया गया है कि आरोप है कि क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों द्वारा जबरन वसूली, मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की गई है। मामले की जांच युवां कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ मोनिका मंडारे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था। जांच में उक्त सभी शिकायते सत्य पाई गई उसके बाद खिलेश्वर यादव को नोटिस 12 दिसंबर को जारी कर जवाब मांगा गया है।

### मंत्री गजेंद्र यादव ने स्थल का किया निरीक्षण, दो नई सर्विस लेन का भी प्रस्ताव

# कातुलबोड़ से धमधा नाका तक नेशनल हाईवे के समानांतर 2.63 करोड़ से बनेगी सर्विस लेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने नेशनल हाईवे के समनांतरण दो प्रमुख सर्विस लेन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए करीब 2.63 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सड़क कातलुबोड़ बोगदा से धमधा नाका बोगदा तक बनेगी। मंत्री गजेन्द्र यादव के निर्देश पर दोनों सर्विस लेन निर्माण की स्वीकृति ली गई है। इसे लेकर स्थानीय पार्षद शिवेंद्र परिहार ने मंत्री के सामने मांग रखी थी। उन्होंने अवगत कराया था कि शहर विस्तार के साथ ही दोनों ही तरफ सड़क की जरुरत महसूस की जा रही है। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया था। दुर्ग से भिलाई जाने यह सर्विस रोड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बड़े वाहनों के ट्रैफिक दबाव से निजात और सुरक्षित आवागमन होगा। रोड का कार्य प्रारंभ होने पर केबिनेट मंत्री स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण का जायजा लिए इस दौरान दुर्ग के 5 वार्डों के नागरिकों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने पर आभार व्यक्त किया। सर्विस लेन बनने से नर्सिंग विहार, पुष्पक नगर, हरिनगर, कादंबरी नगर, विद्याविहार, स्टील कॉलोनी, आरोग्य हॉस्पिटल, डी मार्ट क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

### रोड बनने से शहर का होगा विस्तार



### नए साल में पूरा होगा सर्विस लेन का काम

मंत्री गजेन्द्र ने दुर्ग कातुलबोर्ड से धमधा नाका बोगदा तक नेशनल हाईवे के दोनों ओर सर्विस लेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। नागरिकों की बहुप्रतिक्षित मांग को पूर्ण कर दुर्गवासियों को बड़ी सौगात दिए है। लगभग 2.63 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे इस सर्विस लेन के पूर्ण होने से नेशनल हाईवे के किनारे दुर्ग–भिलाई के राहगीरों को यातायात में बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा बाईपास टोल प्लाजा उरला से बघेरा एसटीएफ बटालियन तक भी सर्विस लेन बनाया जाना प्रस्तावित है।

### उरला से बघेरा के मध्य भी सर्विस लेन के लिए प्रस्ताव

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने और सुरक्षित आवागमन के दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में एप्रोच रोड, सड़क चौड़ीकरण और सड़क संधारण का निरंतर जारी है। इसी कड़ी में नागरिकों की मांग पर हाईवे किनारे सर्विस लेन बनाने शासन को प्रस्ताव भेजे और 2.63 करोड़ स्वीकृति मिलने पर कार्य प्रारंभ किया गया, जिसका केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव निरिक्षण कर निर्माण संबंधित विभागीय अधिकारी और एजेंसी से गुणवत्तापूर्ण कार्य और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए। दुर्ग, तितुरडीह, सिकोला, कादम्बरी नगर से भिलाई नेहरूनगर होते हुए आगे जाने तथा भिलाई से दुर्ग की ओर जाने हाईवे में तेज रफ़्तार वाहनों की भीड़ से सर्विस रोड निजात दिलाएगा।

## रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों की विधायक ललित ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेल्वे परियोजना खरसिया नवा रायपुर परमलकसा अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 18 गांव के किसानों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई। विधायक समस्याओं से अवगत होते हुए आवश्यक दिश निर्देश दिए। इस दौरान 18 गांव के प्रभावित किसान उपस्थित थे। किसानों ने विधायक ललित चन्द्राकर को बताया कि गाईड लाइन दरों के निर्धारण में व्यवहारिक संतुलन नहीं है। साथ ही सर्वे प्रक्रिया की प्रक्रियाएंए खसरा बांटाकन और परिवारिक स्पष्ट नहीं है। आजीविका और संग्राम पुनर्वास संबंधित निवेदन का पारदर्शी व लिखित उत्तर नहीं मिल रहा है। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं को सुनकर तहसीलदार वसुमित्र दिवान और संबंधित अधिकारी जिला कलेक्टर को फोन व पत्रचार के माध्यम से अवगत कराते हुए तत्काल समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है और हम इस दिशा में काम करेंगे। बता दें कि दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 63 अंतर्गत ग्राम पुरई, पाउवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी, कोड़िया, घुघसीडीह, खोपली और अन्य 25 ग्राम तथा कुल 158 गांवों में भूमि अधिग्रहण किया गया है।

■ अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## मसीह समाज के लोगों ने आईजी और आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कांकेर जिले आमाबेड़ा में हुए साम्प्रदायिक हिंसा को लेकर सर्व समाज के 24 दिसम्बर के छत्तीसगढ़ बंद को लेकर ईसाई समाज के लोगो ने दुर्ग रेंज आईजी और दुर्ग संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौपकर अपना विरोध जताया है। क्रिसमस पर्व के ठीक एक दिन पहले सर्व समाज के द्वारा प्रदेश व्यापी बंद के आह्वाहन को उन्होंने निंदनीय ठहराया। सर्व समाज के द्वारा ईसाई समाज के विरुद्ध जिस प्रकार से सोशल मीडिया पर ईसाई समाज को एक दंगाई समाज के रूप में प्रदर्शित करने का काम किया है। उसका कड़ा विरोध करते हुए अपनी अहम मांग रखी। यूनाइटेड क्रिश्चयन कॉउंसिल के अध्यक्ष एम जोनाथन जॉन ने सभी आरोपो को सिरे से नकारते हुए कहा कि बीते दिनों कांकेर के बड़े तेवड़ा गांव के सरपंच राजमन सलाम के पिता जो ईसाई धर्म को नही मानते थे। उनके स्वर्गवास पर आदिवासी परम्परा के अनुसार ही कफन दफन किया जाना हुआ था। बावजूद भी कुछ असंवैधानिक लोग अपनी राजनैतिक द्वेष के चलते वर्तमान सरपंच राजमन सलाम ईसा मसीह पर आस्था रखता है। जिसे लेकर स्वयं उन दंगाइयों ने शोकित परिवार को धार्मिक उन्माद के जाल में फंसा कर इस प्रकार का वातावरण पूरे छत्तीसगढ़ में मसीह लोगों के खिलाफ साजिश रच कर शांति प्रिय समाज को दंगाई समाज बताया।



## अमित को प्रदेश आईटी सह प्रमुख की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने विगत दिनों घोषित युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रहे अमित मिश्रा को प्रदेश आईटी सह प्रमुख नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा, लोकसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी विजय दिलाने में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## मचान्दुर धान खरीदी केंद्र में लापरवाही कलेक्टर अभिजीत ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र मचान्दुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर धान के स्टेग, प्रत्येक स्टेग में बोरों की संख्या, अब तक खरीदे गये धान और उठाव के साथ ही किसानों की टोकन व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वाहन एन्ट्री पंजी एवं अन्य पंजी संधारण सही नहीं पाये जाने पर समिति प्रबंधक को फटकार लगाई। साथ ही धान पंजीयनों का व्यवस्थित ढंग से संधारण करने के कड़े निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और तहसीलदार क्षमा यदु भी मौजूद थे। उपार्जन केन्द्र मचान्दुर में 29139.60 क्विंटल धान की खरीदी हुई। जिसमें मोटा धान की मात्रा 15061.60 क्विंटल, पतला धान की मात्रा 2055.20 क्विंटल एवं सरोना धान की मात्रा 12322.80 क्विंटल शामिल है। खरीदे गये धान की कुल लागत राशि 6 करोड़ 90 लाख 72 हजार 816 रूपए है। जिसमें किसानों को 4 करोड़ 70 लाख 9 हजार 595 रूपए का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी से 617 किसानों को लाभान्वित किया गया है। उपार्जन केन्द्र में खरीदे गये धान का उठाव भी किया जा रहा है। अब तक मिलर्स द्वारा 11 हजार क्विंटल का धान उठाव किया जा चुका है।



■ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश






हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



खिलाड़ियों को खेलभावना से खेलने की दी प्रेरणा, नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## लाइव इवेंट

### मोहल्ला क्रिकेट टूर्नामेंट आज से, सांसद विजय बघेल ने किया पोस्टर का विमोचन



**भिलाई।** स्वर्गीय कृष्णा चौधरी स्मृति मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता और स्व. विद्यारत्न भसीन स्मृति कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के शर्ट व पोस्टर का विमोचन सांसद विजय बघेल द्वारा किया गया।

- मोहल्ला क्रिकेट की विजेता टीम को मिलेगा 21000 का नकद पुरस्कार

आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि में मोहल्ला क्रिकेट का शुभारंभ 25 दिसंबर को शांति नगर दशहरा मैदान में और विद्यारत्न भसीन की पुण्यतिथि में 28 दिसंबर से कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में स्पर्श अस्पताल, साईराम ऑटोमोबाइल, इसाक कंप्यूटर मोबाइल आकाशगंगा, शिवनाथ ऑटोमोबाइल, बंसल ब्रदर, दुर्गा फार्मा, दुर्ग पुलिस, नगर निगम, आईडीएफसी बैंक, एचडीएफसी बैंक, ग्रामीण बैंक, राइट्स लिमिटेड, ग्लोबल सॉफ्टवेयर, न्यूरोसिस इस्पात एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम में भाग लेंगे। कॉर्पोरेट टूर्नामेंट का प्रथम इनाम 31000 और द्वितीय इनाम 21 हजार रुपए पार्षद संतोष मौर्य द्वारा प्रदान किया जाएगा। मोहल्ला क्रिकेट टूर्नामेंट में नगर निगम के समस्त वार्डों के टीमों के मध्य मुकाबला होगा। इसका पुरस्कार 21000 पूर्व पार्षद छोटेलाल चौधरी द्वारा दिया जाएगा। कॉर्पोरेट टूर्नामेंट के सभी टीमों को शर्ट साइन राम ग्रुप के श्रीचंद बत्रा द्वारा दी जाएगी। 25 दिसंबर को पहला मैच वर्ड 1 जुनवानी और वार्ड 18 कांट्रैक्टर कॉलोनी के मध्य, दूसरा मैच वार्ड 3 मॉडल टाउन और वार्ड 19 राजीव नगर के मध्य तथा तीसरा मैच वार्ड 5 कोस नगर व वार्ड 22 कुरूद के मध्य खेला जाएगा।

## सिटी इवेंट

### भारतीय विद्यार्थियों की बुद्धिमता का अमेरिका में विशेष महत्व : शिवांगी



**भिलाई।** भारतीय विद्यार्थियों की बुद्धिमता का अमेरिका में विशेष महत्व है। यही कारण है कि भारतीय विद्यार्थी विभिन्न अमेरिकी प्रतिष्ठानों में उच्च पदों पर पदस्थ है। भारतीय विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय को गहराई से समझने का प्रयास करना चाहिए। ये बातें हावर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका में अध्ययनरत स्कॉलर शिवांगी श्रीवास्तव ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित आमंत्रित व्याख्यान में व्यक्त किये। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक डिग्री प्राप्त शिवांगी ने भूगर्भशास्त्र के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ लंबा विचार-विमर्श किया। उन्होंने भारत के प्रजातंत्र एवं अमेरिकी शासन पध्दति की तुलना करते हुए विद्यार्थियों को रोचक जानकारी दी। भारतीय परंपरा एवं संस्कृति को अद्भुत बताते हुए शिवांगी ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास संबंधी टिप्स भी दियें।

- साइंस कॉलेज दुर्ग में भूगर्भशास्त्र विभाग में अमेरिकी स्कॉलर का व्याख्यान

इससे पूर्व शिवांगी का पौधा भेंटकर एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्रा फाल्गुनी साहू ने स्वागत किया। भूगर्भशास्त्र विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख एवं प्रोफेसर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने शिवांगी को शॉल एवं पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर उपस्थिति शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रोफेसर प्रदीप ठाकुर ने शिवांगी के आकर्षक व्यक्तित्व एवं गहन ज्ञान की सराहना करते हुए उससे शिव पुराण पर विस्तृत चर्चा की। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूविज्ञान अध्ययन शाला के प्रमुख डॉ. के.आर. हरि ने इस अवसर पर कहा किइस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श से भारतीय विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिलता है। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने विभिन्न प्रश्न पूछकर शिवांगी द्वारा दी गई जानकारी के संबंध में भारतीय विद्यार्थियों को अवगत कराया। भूगर्भशास्त्र की स्नातकोत्तर छात्रा फाल्गुनी साहू ने आभार व्यक्त किया।

### मीनाक्षी पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

**भिलाई।** दुर्ग जिले में पदस्थ व्याख्याता मीनाक्षी वर्मा को भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रथम दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा, कुलपति व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। मीनाक्षी वर्मा ने अपना शोध कार्य शिक्षा संकाय के अंतर्गत शिक्षा विषय में डॉ. मंजू साहू के निर्देशन में संपन्न किया। उनके शोध का विषय छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की आत्मसंप्रत्यय का उनकी समस्या समाधान योग्यता एवं तार्किक योग्यता पर प्रभाव का अध्ययन था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों में समस्या समाधान योग्यता एवं तार्किक योग्यता के विकास को आवश्यक माना गया है। वर्तमान में मीनाक्षी वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढौर, दुर्ग में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं। मीनाक्षी भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक चंद्रकांत वर्मा की पत्नी हैं ।उनकी इस उपलब्धि पर पुत्री श्रेयल वर्मा, पुत्र शाश्वत वर्मा, ससुर डी डी वर्मा,माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।



- मध्य रात्रि से शुरू हुआ बधाइयों का सिलसिला, सुबह से चर्च में होंगे आयोजन

# प्रभु यीशु के स्वागत में मिड नाइट प्रार्थना, रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाए चर्च, आज होगा सेलिब्रेशन





**भिलाई। प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर आज क्रिसमस पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दिन को सेलिब्रेट करने ट्विनसिटी के सभी चर्च में विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रमुख गिरजाघरों को रंग-बिरंगे लाइटों और मालाओं से एक दिन पहले ही सजा लिया गया था। क्रिसमस को लेकर ट्विनसिटी के सभी चर्चों में विशेष तैयारियां की गई हैं। जिसमें सेंट मैरी चर्च, क्रिश्चन कम्युनिटी चर्च, कैथोलिक चर्च सेक्टर 6, मार्थोमा चर्च, होसन्ना चर्च सेक्टर 7, चर्च ऑफ गॉड सुपेला, सालेम चरोदा, ज्योति चर्च चरोदा, डीडीसी चर्च खुर्सीपार में आज प्रभु यीशु के जन्म पर विशेष प्रार्थना की जाएगी।**



### क्रिसमस ट्री सजाकर करेंगे प्रभु यीशु का स्वागत

प्रभु यीशु के स्वागत के लिए रंगबिरंगी रोशनी से 20 से अधिक चर्च रोशन किए गए हैं। हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में हजारों लोग शामिल होंगे। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवा पटाखों से धूम मचाएंगे। प्रार्थना सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग फैमिली के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई है। चर्च कैंपस अब विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन है। इस तरह का प्रयास युवाओं को परमात्मा द्वारा दिए गए संदेश से जोड़ने के लिए हर क्रिसमस पर करते हैं।

### प्रभु के जन्म से पहले किया कंफेशन

सेंट जोसेफ कैथलिक चर्च सेक्टर 6 के सदस्य ए अविनाश एंथोनी ने बताया कि क्रिसमस के पहले चर्च में सभी लोग जाकर खुद के द्वारा अब तक की गलतियों को बताकर प्रभु से क्षमा प्रार्थना करते है। जिसके बाद वे पवित्र होकर क्रिसमस की मिड नाइट पूजन विधि में शामिल होते है। चर्च में बुधवार की रात 10 बजे से सभी लोग एकत्रित हुए। साढ़े दस बजे क्वायर ग्रुप प्रभु यीशु के आगमन के लिए कैरोल गीत गाया। प्रभु के जन्म के लिए युवा ग्रुप ने चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया है। जिसमें प्रभु के जन्म स्थल गौशाला को भी नए रुप में सुंदर बनाकर डेकोरेट किया है। रात ठीक 12 बजे प्रेम व शांति का संदेश देने प्रभु यीशु का जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। जिसके पहले मिड नाईट की पूजन विधि चर्च के रेविरेंट फादर साबू और असिसेंट फादर विकास कूजूर के सानिध्य में विशेष पूजन विधि संपन्न कराई जाएगी।

### चर्चों में होगी विशेष सभा

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के चर्च में भी उत्सव मनेगा। बुधवार की रात ही नहीं, बल्कि गुरुवार सुबह भी सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना होगी। यह उन लोगों के लिए खास होता है, जो लोग क्रिसमस की रात होने वाली प्रार्थना का हिस्सा वहीं बन पाते हैं। इसमें प्रभु ने मानव कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ कई चर्चों में कैरोल सिंगिंग होगी।


### सांता क्लॉज बन बांट रहे चाकलेट

हर दल में सांता क्लॉज भी बने है, जो समाज के घर या कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे है और आज भी जगह-जगह दिखाई देंगे। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट भी जाकर देंगे। इस बार भी करीब एक हजार से ज्यादा परिवारों के बीच परमात्मा के आने की खुशी बांटने का लक्ष्य है। समाज के लोग हर क्षेत्र में रहते हैं। इसे देखते ज्यादा से ज्यादा परिवारों के बीच खुशी जाहिर करने गायन दल पहुंचेगे।

### रात 10 बजे से शुरू हुआ उत्सव

सेंट जोसेफ कैथलिक चर्च सेक्टर 6 में क्रिसमस की तैयारी पूरी की गई है। बुधवार रात के 10.30 बजे लगभग सभी चर्चों में आराधना शुरू होगी। मध्यरात्रि में परमात्मा का जन्म होने पर फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष होंगे। इसके साथ ही प्रार्थना सभा मैरी क्रिसमस से गुंजायमान होगी। लोग खुशी मनाते हुए इस बार आतिशबाजी भी करने वाले हैं। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया जाएगा। यह सिलसिला रात डेढ़ बजे तक इस बार चलेगा।

# लौह नगरी में आज से उमड़ेगा आस्था का सैलाब, सिविक सेंटर से निकलेगी कलशयात्रा



**भिलाई।** श्री हनुमंत कथा को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। महिलाओं द्वारा आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। दुर्ग-भिलाई सहित अन्य जिलों व राज्यों से भी सैकड़ों की संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

कथा के आयोजनकर्ता सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पांडेय ने बताया कि सनातन धर्म के ध्वजवाहक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री हनुमंत कथा 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित है। इसकी तैयारियां अंतिम चरण पर है और इंतजार की घड़ियां समाप्ति की ओर है। इस्पात नगरी भिलाई के जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में बागेश्वर धाम के आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा का रसपान करेंगे। कथा के प्रारंभ के पूर्व सिविक सेंटर चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए सुबह 10 बजे सभी एकत्रित होंगे। राकेश पाण्डेय ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल होने मातृ शक्तियों को पीला वस्त्र धारण कर आमंत्रित किया गया है। सफाई व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा की तैयारी भी पूर्ण हो चुकी है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। कैमरे की मॉनिटरिंग को लेकर भी कक्ष का निर्माण हो चुका है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के ननिहाल में हनुमान के भक्त बागेश्वर धाम के आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीमुख से आयोजित श्री हनुमंत कथा के रसपान के लिए शामिल होने लोगों से अपील की गई है।



# शिवधाम के नाम से पहचाना जाएगा से.-7 का तालाब, प्रतिमा होगी स्थापित



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के जोन 5 अंतर्गत सेक्टर-7 वार्ड 66 स्थित तालाब को अब शिवधाम तालाब के नाम से जाना जाएगा। यहां के पार्षद लक्ष्मीपति राजू के मांग पत्र पर ध्यान देते हुए एमआईसी की बैठक में सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया।

पार्षद और निगम के स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि जोन-5 वार्ड-66 स्थित सेक्टर-7 में तालाब का निर्माण वर्ष 2012 में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया गया था। इस तालाब में विशाल शिव लिंग और शिव की मूर्ति स्थापित की गई है। साथ ही तालाब के चारों ओर सौंदर्याकरण किया गया है। उनसे उनके वार्ड के लोग लगातार मांग कर रहे थे कि तालाब में विशाल शिवलिंग और शिव प्रतिमा विराजमान है। इसलिए इस तालाब का नाम शिवधाम किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने नियमानुसार इस मांग को निगम व जोन आयुक्त के सामने रखकर चर्चा की। महापौर नीरजपाल की सहमति के बाद उस प्रस्ताव को एमआईसी में रखा। इसके बाद सलाहकार समिति और महापौर परिषद में विचार करने के बाद एमआईसी में इस संकल्प को सर्वसम्मति से पास किया गया। अब इस तालाब का नाम स्थाई रूप से शिवधाम रहेगा।

## संस्था और छात्रों को आगे बढ़ाने भूतपूर्व छात्रों ने लिया संकल्प

# वेटरनरी यूनिवर्सिटी के एलुमनाई मीट में देश-विदेश से जुटे भूतपूर्व छात्र, दोस्तों के साथ पुराने दिनों को किया याद

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह एलुमनाई मीट-2025 एवं स्ट्रेंदनिंग द प्रोफेसनल्स अलाईन्स अमंग एलुमनाई विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय के दिशा-निर्देश में किया गया। सेमिनार में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, केरल तथा छत्तीसगढ़ से कुल 400 भूतपूर्व छात्रों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसके अलावा कतर, कनाड़ा व अमेरिका से 05 भूतपूर्व छात्र भी सेमिनार का हिस्सा बने। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमिनार अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, डॉ. मनोज गेंदले, डॉ. सुधीर उपरीत, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया अतिथि के रुप में मौजूद रहे। विशेष अतिथिगणों में मीनल सिंह, पायल अग्रवाल, डॉ. केके ध्रुव, ब्रिगेडियर डॉ. अमित रस्तोगी उपस्थित थे। एसएसपी विजय अग्रवाल सेमिनार में विशेष रुप से मौजूद रहे।



### ऐसे आयोजन हैं जरूरी

सभी अतिथियों ने एलुमनाई मीट के आयोजन की सराहना की और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन यादगार बन गया है। ऐसे आयोजन जरुरी है। विधायक ललित चन्द्रकार ने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के विकास में आप लोगों को हर तरह से सहयोग करने तैयार है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह कार्यकम एक उत्सव है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि पशु चिकित्सक अपना काम बड़ी बखुबी निभा रहे है। मूक प्राणी की सेवा करना बड़ा पुण्य का कार्य है।

### पूर्व छात्रों में पुराने दिनों को किया याद

एलुमनाई मीट में शामिल हुए संस्था के भूतपूर्व छात्र शासन में पशु चिकित्सक के रूप में, सेना में, बैंकिंग में कार्पोरेट के क्षेत्र में, पुलिस सेवा में प्रशासनिक अधिकारी एवं व्यवसायी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें है। इन भूतपूर्व छात्रों ने सेमिनार में संकल्प लिया कि वे वर्तमान छात्रों का समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहेंगे, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रहे और अपने कार्यों से वे विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर सके। आभार प्रदर्शन डॉ. केके ध्रुव ने किया। एलुमनाई मीट में दो दिनों तक भूतपूर्व छात्रों के बीच खुशियां बिखरी रही। भूतपूर्व छात्रों ने एलुमनाई मीट को यादगार क्षण बताया।

## सिटी इवेंट

### राष्ट्रीय गणित दिवस : बताई गणित की महत्ता व समझायी अंकों की उपयोगिता



**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। शहर के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न आयोजन किए गए। कल्याण महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत गणित के अनुप्रयोगों से संबंधित आठ विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 21 प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में गणित के अलावा कला और जीव-विज्ञान के विद्यार्थियों ने न केवल भाग लिया, बल्कि विजेता भी चुने गए। गणित विभाग के अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक डॉ.मयूर पुरी गोस्वामी ने श्रीनिवास रामानुजन के संघर्ष और गणित में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन में आध्यात्म एवं गणित के महत्व को सारगर्भित ढंग से उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उप प्राचार्य डॉ. लखन चौधरी ने अपने विद्यार्थी जीवन की गणितीय परिकल्पनाओं को याद करते हुए अन्य विषयों में गणित के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्रमुख डॉ. गुणवंत चंद्रोल, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष के डॉ. केएन दिनेश, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनुराग पाण्डेय और भौतिक शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलम शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्रद्धा साहू और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक अविनाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभाग की सहायक प्राध्यापक चेतना गौर, नेहा सिंह, गीतेश्वरी वर्मा सहित अन्य प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### खिलाड़ियों को खेलभावना से खेलने की दी प्रेरणा, नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में भगत सिंह एकेडमी कबड्डी क्लब और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक चंद्राकर ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

- दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

उद्घाटन संबोधन में विधायक ने खिलाड़ियों से खेल को अनुशासन और खेलभावना के साथ खेलने का आग्रह किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ तन और मन को मजबूत बनाता है, बल्कि अच्छे चरित्र और अनुशासन का विकास भी करता है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें स्वस्थ, सक्रिय और जिम्मेदार बनाता है। कबड्डी मिट्टी से जुड़ा खेल है, हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, और इसे बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और खेल सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है।

इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव, पूर्व जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, नरेंद्र देशमुख, संतोष सिन्हा गुरुजी, समाजसेवी महेंद्र सिन्हा, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### हल्बा समाज मनाएगा दो दिवसीय शक्ति पर्व महोत्सव

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा दो दिवसीय 26 एवं 27 दिसंबर को शक्ति पर्व महोत्सव मनायेगा। जिसमें 26 दिसंबर को शाम 4 बजे आशीष नगर रिसाली भिलाई मे समाजिकजनों की उपस्तिथि मे मुख्य ज्योति प्रज्वलित एवं माता सेवा का कार्यक्रम किया जायेगा। दूसरे दिन 27 दिसंबर को हल्बा शक्ति भवन रिसाली से सुबह 9 बजे माई दंतेश्वरी की शोभायात्रा मुख्य कलश के साथ वाहन रैली के रूप मे निकाली जायेगी। शोभायात्रा डी पी एस चौक रिसाली, जेल तिराहा दुर्ग, गांधी चौक दुर्ग, पटेल चौक, गंजपारा दुर्ग, मिनी माता चौक पुलगांव से होकर शक्ति स्थल गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग पहुंचेगा। प्रवेश द्वार पर माई दंतेश्वरी एवं शोभायात्रा का स्वागत पश्चात मुख्य कलश स्थापना के बाद सामाजिक ध्वजारोहण कर शक्ति पर्व महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंथिर खलेन्द्र अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, डोंडीलोहरा विधायक अनिला भेड़िया, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, डॉ देवेन्द्र माहला 36गढ़ केंद्रीय महासभा, महेश गागड़ा पूर्व वनमंत्री, दुर्ग महापौर अलका चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, हरवंश मिरी प्रदेश अध्यक्ष कंवर समाज, आर एस नायक अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ, आई आर देहारी जिला अध्यक्ष दुर्ग, मुकेश रावटे सलाहकार और पूरेन्द भूआर्य महाप्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट शामिल होंगे।

- माई दंतेश्वरी की शोभायात्रा मुख्य कलश के साथ वाहन रैली के रूप में निकाली जायेगी

## वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम के चौथे दिन परम सत्ता का ज्ञान विषय पर बोले प्रोफेसर

# आत्मा सिम कार्ड की तरह, जो कभी मरती नहीं, जब तक वो है शरीर रिस्पांड करता है, चैतन्य शक्ति ही ऊर्जा स्वरूप

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम के चौथे दिन परम सत्ता का ज्ञान विषय पर लोगो को बताया। प्रोफेसर ब्रह्माकुमार ई. वी. गिरीश ने कहा कि परमात्मा के विषय में अनेक प्रकार की गलतफहमी लोगों के अंदर है। उन्होंने उपस्थित जनों से कुछ प्रश्न पूछते हुए कहा कि क्या परमात्मा कैंसर को ठीक करेगा और दूसरा प्रश्न कि क्या परमात्मा कैंसर को ठीक कर सकता है? तो कुछ लोगों ने हां और कुछ लोगों ने ना में जवाब दिया।

उन्होंने बताया कि भगवान हमारी कोई भी बीमारी को ठीक नहीं कर सकता अगर भगवान सब की बीमारी ठीक कर देता है तो इतने सारे अस्पताल इतने सारे डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ती, परमात्मा या ईश्वर आपको शांति, शक्ति, प्रेम, संबल दे सकता है जिससे आपकी बीमारी ठीक हो सकती है क्योंकि परमात्मा गुणों और शक्तियों का भंडार है।

ईश्वर के विषय में अनेक प्रकार की मान्यताएं और विश्वास है, पर ईश्वर की सत्य स्वरूप का ज्ञान केवल ईश्वर को ही है और वहीं आकर के स्वयं की सत्य का परिचय देते हैं। सत्य सबके लिए समान और सार्वभौमिक है हम स्वयं के बारे में भी गलत तथ्य और गलत मानता रखते हैं।





### शरीर का सिम कार्ड है आत्मा

सत्य अविनाशी होता है जिसमें किसी के लिए भी किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं या अंतर नहीं होता। परमात्मा को जानने से पहले स्वयं को जानना जरूरी है जब हम खुद को जान पाएंगे, तभी हम खुद को जान सकते हैं। जैसे मोबाइल में सिम कार्ड होता है वैसे ही शरीर में भी एक सिम कार्ड है जिसे हम आत्मा कहते हैं जब तक शरीर में आत्मा होती है तब तक शरीर रेस्पॉन्ड करता है लेकिन जैसे ही शरीर से आत्मा निकल गए, आप उन्हें अपमानित करो, गाली दो, गुस्सा करो, लेकिन हमें वह कोई रिस्पांस नहीं करेगा। उसी तरह आत्मा अजर, अमर, अविनाशी है। आत्मा की मृत्यु नहीं होती, केवल डे का अंत होता है। जैसे हम प्रतिदिन साफ सुथरा कपड़ा इत्र लगाकर पहनते हैं और खुश होते हैं वैसे ही आत्मा पुराने शरीर का त्याग कर नए शरीर को धारण करती है। आत्मा शरीर को चलाने वाली एक एनर्जी है जब तक शरीर में आत्मा है तभी तक शरीर के सभी अंग काम करते हैं लेकिन जैसे ही आत्मा शरीर से बाहर निकल गई तो वह सारे अंग काम करना छोड़ देते हैं यद्यपि उन अंगों को किसी दूसरे के शरीर में लगा दिया जाए तो उसे शरीर में वह काम करने लगते हैं जैसे किसी ने नेत्रदान या किडनी दान की हो, शरीर के किसी भी अंग को दान किया हो तो वह अंग दूसरे के शरीर में यथावत काम करने लगता है। इससे यह पता चलता है की शरीर को चलाने वाली कोई एनर्जी है, उसे ही हम आत्मा कहते हैं और हम सभी यह शरीर नहीं बल्कि इसे चलाने वाली चैतन्य शक्ति है, आत्मा है एक लिटिल स्टार है जो इस संसार से परे एक दुनिया जिसे परमधाम कहते हैं वहां से आई हुई है।

### हमें हर चीज कंफर्टेबल चाहिए

हमें हर चीज कंफर्टेबल चाहिए जैसे चश्मा, घड़ी, गाड़ी, बंगला यहां तक संबंधों में काम भी हमें कंफर्टेबल चाहिए क्योंकि हम इन भौतिक चीजों के आधार पर खुशी ढूंढ रहे हैं। जबकि यह सभी टेंपरेरी है हमारी खुशी हमारे अंदर निहित है स्थाई खुशी, यह स्थाई शांति विनाशी चीजों से नहीं मिल सकता। कोई भी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी कोई प्रोडक्ट बनाता है तो उस प्रोडक्ट के साथ उसे ऑपरेट करने का मैनुअल भी देता है और हम उसे मैनुअल के अनुसार ही उसे प्रोडक्ट को ऑपरेट करते हैं मेंटेनेंस करते हैं। लेकिन हमारे जीवन रूपी प्रोडक्ट का मैन्युअल कहां है। ईश्वर ने हमें जिंदगी के साथ उन्हें जीने का एक मैन्युअल दिया है जिसे ही हम आध्यात्मिकता कहते हैं।



### आध्यात्मिकता रूपी जीवन जीने का मैनुअल

आध्यात्मिकता रूपी जीवन जीने का मैनुअल है। दो संबंध के प्रति हमारा ध्यान आकर्षित करवाता है पहले स्वयं का स्वयं से संबंध और दूसरा है स्वयं का परमात्मा से संबंध। हम स्वयं स्वयं के मित्र बने जैसे एक दोस्त आपके प्रति सहानुभूति रखता है, प्यार और मदद करता है। वैसे ही हम स्वयं के प्रति मित्र भाव रखें। सेल्फ रिस्पेक्ट, सेल्फ एस्टीम, सेल्फ कॉन्फिडेंस रखें तो जीवन आसान हो जाएगा। ज्यादातर देखा गया है कि व्यक्ति स्वयं ही स्वयं को क्रिटिसाइज करता है। खुद ही खुद को मन ही मैन कोसता है और दुखी होता है। स्वयं ही स्वयं का दोस्त बने प्यार से मां को समझाएं तो मन खुशियों से भर जाएगा।

### हमारा परमात्मा से संबंध गहरा हो

दूसरा है परमात्मा से संबंध। जितना हमारा परमात्मा से संबंध गहरा होता जाएगा हमारे जीवन सुख, शांति, प्रेम, आनंद आदि से भरपूर हो जाएगा। हमें किसी से प्रेम शांति खुशी मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि परमात्मा सुख शांति आनंद प्रेम का मुख्य स्रोत है। हमें सब कुछ परमात्मा से प्राप्त करना है और सारे संसार को प्रेम शांति दया करना सहानुभूति बंटनी है तो जिंदगी वाह वाह हो जाएगा।

## कार्यक्रम

### आरंभ में मिलेगा रचनाकारों को मंच, सम्मान सहित विविध आयोजनों की बनी रूपरेखा



**भिलाई।** साहित्यिक संस्था आरंभ की औपचारिक शुरुआत भिलाई निवास में आयोजित कार्यक्रम में हुई। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रजनी नेल्सन और महासचिव नूरुस्सबाह खान सबा मनोनीत किए गए। अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने इस दौरान बताया कि संस्था का गठन साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन, आरंभ सम्मान, प्रतिमाह रचनात्मक विचार-विमर्श-गोष्ठी, काव्य गोष्ठी और नवांकुर रचनाकारों को मंच प्रदान करने के लिए किया गया है।

'आरंभ' पर प्रकाश डालते हुए नवनियुक्त महासचिव नूरुस्सबाह खान सबा ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि साहित्य के नाम पर हो रही अनर्गल प्रस्तुतियों के बीच हम उस साहित्य को आगे लाएं जो समाज को दिशा दें और इंसानियत के मूल्यों को मजबूत बनाए। डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने अपनी स्वरचित पुस्तक साहित्य और समाज एवं गागर में सागर कृति संस्था को भेंट करते हुए बोले कि आरंभ का शुभारंभ गागर में सागर भरने जैसे होंगे। वहीं लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन ने वर्तमान समय में पत्र-पत्रिकाओं के पंजीयन नियमों और उनके पालन में आ रही चुनौतियों की चर्चा की। पंजीयन के पूर्व अस्थाई प्रबंध संचालन समिति-2026 की नियुक्ति की गई। जिसमें कैलाश जैन बरमेचा मुख्य संरक्षक, डॉ. महेश चंद्र शर्मा मुख्य सलाहकार, प्रदीप भट्टाचार्य अध्यक्ष, डॉ. रजनी नेलसन कार्यकारी अध्यक्ष, अनिता करडेकर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वय त्रम्बक राव साटकर , शानू मोहनन, उपाध्यक्ष महिला द्वय डॉ. संध्या श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, नूरुस्साबाह खान महासचिव, आलोक कुमार चंदा सचिव, ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल उपसचिव, प्रकाशचंद्र मण्डल कोषाध्यक्ष पल्लव चटर्जी इंटरनल ऑडिटर, सुबीर रॉय संयोजक, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी मीडिया प्रभारी, गौरी चक्रवर्ती गुहा कानूनी एडवाइजर और कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, डॉ. बीना सिंह, विद्या गुप्ता, तारकनाथ चौधरी और शिवमंगल सिंह शामिल किए गए हैं।

## परिचर्चा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित

### बच्चों की परवरिश और संस्कार देने में अहम भूमिका निभाता है बाल साहित्य



**भिलाई।** अगासदिया और वैभव प्रकाशन के सयुंक्त तत्वाधान में बाल साहित्यकार कमलेश चन्द्राकर की कृति मम्मा मेरी सुनो जरा का विमोचन, परिचर्चा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम नई दिल्ली से आए जाने माने बाल साहित्यकार दिविक रमेश ने मौजूदा दौर में बाल साहित्य की दशा और दिशा पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बाल साहित्य सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है बल्कि यह बच्चों की परवरिश और उन्हें संस्कार देने में अहम भूमिका निभाता है।

**साहित्यकार कमलेश चन्द्राकर की कृति 'मम्मा मेरी सुनो जरा' का हुआ विमोचन**

अध्यक्षता कर रहे कथाकार डॉ परदेशी राम वर्मा ने मौजूदा दौर में आंचलिक बाल साहित्यकारों के रचनाकर्म पर रोशनी डाली। संवाद के अंतर्गत साहित्यकार विनोद साव, गिरीश पंकज, गुलबीर सिंह भाटिया और रवि श्रीवास्तव ने मूल रूप से इस बात पर चिंता जताई कि आज बाल साहित्य पर ज्यादा चर्चा नहीं होती। जरूरत इस बात कि है कि बाल साहित्य पर सम्मेलन हो और इस पर विमर्श हो। इसके पहले शुरूआत में लेखक कमलेश चंद्राकर की बेटी ऋतुपर्णा चंद्राकर ने अतिथियों का स्वागत किया। कलाकार राजेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदन प्रस्तुत किया।

रचनाकार कमलेश चंद्राकर ने अपनी कुछ चुनिंदा रचनाओं का पाठ किया। साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा ने पुस्तक 'मम्मा मेरी सुनो ज़रा' की समीक्षा की। आयोजकों की ओर से रचनाकार कमलेश चंद्राकर का मान पत्र, शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। वहीं मुख्य अतिथि दिविक रमेश शाल श्रीफल से सम्मान रचनाकार कमलेश चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनाली चक्रवर्ती और आभार प्रदर्शन शिक्षाविद् डॉ डी. एन शर्मा ने किया।

## वार्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों की दी शानदार प्रस्तुति

कार्नर न्यूज


# बेस्ट ऑफ वेस्ट, व्यंजन, मेहंदी और दुल्हन सज्जा में छात्राओं ने दिखाई क्रियेटीविटी, नृत्यों ने बटोरी तालियां

**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिकोत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दो दिवसीय साहित्यिक और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी ओायजित की गई। जिसके पहले दिन तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, पूजा सामग्री थाली सज्जा और मेहंदी प्रतियोगिता और दूसरे दिन बेस्ट ऑफ वेस्ट, नमकीन व मीठा व्यंजन एवं दुल्हन सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में प्रथम बी. कॉम. प्रथम वर्ष आर्या अवस्थी, द्वितीय एम.ए. अंग्रेजी तृतीय सेम. किरण निषाद और तृतीय एम.ए. अंग्रेजी हर्षिता रही। पूजा सामग्री थाल सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम बी.ए. भावना साहू, द्वितीय पी.जी.डी.सी.ए. साक्षी और तृतीय बी.एस.सी प्रिया गुप्ता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम बीए सुरभि, द्वितीय एम.ए किरण निषाद और तृतीय पी.जी.डी.सी.ए. साक्षी विजेता रही।





### प्रतिभाओं को निखारने का यही एक उपयुक्त माध्यम



साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तीसरे दिन महाविद्यालय में एकल गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि छात्राओं की छुपी प्रतिभाओं को निखारने का यही एक उपयुक्त माध्यम होता है और उनकी कलात्मक और रचनात्मकता में निखार आता है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को वार्षिक सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। छात्र संघ प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है और छात्राओं को देखकर उनमें भी करने की इच्छा जागृत होती है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रभारी एवं उनके सदस्यों के सहयोग से प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

### यह रहे विजेता

प्रतियोगिता के दूसरे दिन महाविद्यालय में बेस्ट ऑफ वेस्ट, नमकीन व मीठा व्यंजन एवं दुल्हन सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें बेस्ट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम पीजीडीसीए मुस्कान यादव, द्वितीय बी ए वनीता मण्डावी, तृतीय बी. ए. मेघा साहू और किरण निषाद को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। नमकीन और मीठा प्रतियोगिता में प्रथम बीए की भावना साहू, बी. कॉम. सीमा साहू द्वितीय और बीएससी की निधि टिकरिया तृतीय स्थान पर रही। दुल्हन सज्जा प्रतियोगिता में एम कॉम की चंद्रकला प्रथम, बी एस सी की झरना द्वितीय, बी.ए. की राजलक्ष्मी तृतीय और बीए की तृप्ति ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सब जूनियर, जूनियर राष्ट्रीय जूजित्सु में छत्तीसगढ़ ने जीते पदक



**रायपुर।** हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड में 20 से 24 दिसंबर तक आयोजित सब जूनियर, जूनियर राष्ट्रीय जूजित्सु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 40 खिलाड़ी एवं 4 कोच भागीदारी दे रहे हैं। प्रतियोगिता में आयु वर्ग 8 साल से 18 साल तक बालक/बालिका ने 2 इवेंट नेवाज़ा एवं फाइटिंग में भाग लिया। छत्तीसगढ़ दल में रायपुर जिले से 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रायपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण , 1 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक अंडर-12 कृष्णा राज (नेवाजा) रजत पदक अंडर -16 सौम्या श्रीवास्तव (नेवाजा) कांस्य पदक अंडर -18 दीपक पाल (नेवाजा) दीपक पाल (फाइटिंग) अंडर -16 सौम्या श्रीवास्तव (फाइटिंग) अंडर-18 सुनिधि भद्रा (फाइटिंग) राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य जुजित्सु संघ के सचिव राणा अजय सिंह को प्रतियोगिता में असिस्टेंट टूर्नामेंट डायरेक्टर एवं रायपुर से कोच सूरज वर्मा नियुक्त हुए। सभी पदक विजेताओं को रायपुर जुजित्सु संघ के अध्यक्ष जी स्वामी , उपाध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर , कोषाध्यक्ष अमोल तिवारी एवं कोच अजय तिवारी,मिलन पटेल , सागर सुंदरम , मकरध्वज पटेल ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी है।

### विजय हजारे ट्रॉफी में अमन और शुभम की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के मुकाबले बुधवार से शुरू हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच जयपुर में गोवा सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। गोवा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 48.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रनों का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने सर्वाधिक 76 रन बनाए वहीं मयंक वर्मा ने 64 रन तथा अनुज तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। गोवा की ओर से कौशिक तथा दीपराज गांवकर ने 4-4 विकेट लिए। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा ने 44.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। गोवा की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज स्नेहल कौथांकर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 107 रन बनाये तथा गोवा की जीत सुनिश्चित की। उनके अतिरिक्त कश्यप बाकले ने 48 रन तथा ललित यादव ने 43 रन बनाए। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से शुभम अग्रवाल ने 3 विकेट प्राप्त किये। गोवा ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ आगे, यथार्थ ने लिए 3 विकेट

**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस



अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसबंर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर 16 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन बुधवार को राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खो कर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया।

उनके अतिरिक्त उज्वल मरकाम ने भी 23 रन बनाये। राजस्थान की ओर से रोहन चौधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 211 रन बनाए। राजस्थान की ओर से अनुराग लखन ने 67 रन, रोहन चौधरी ने 47 रन तथा यश शर्मा ने 41 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 3 विकेट, अरहम नाहर तथा तुश्या प्रजापति ने 2-2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 1 विकेट प्राप्त किए।दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 15 ओवर में 2 विकेट खोकर 39 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 20 रनों से आगे है।

### दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिम को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कर रहे सावधान

# बार-बार होने वाले सिरदर्द को न करें अनदेखा, हर साल 2.5 लाख से अधिक लोग आ रहे इसकी चपेट में

हम में से अधिकतर लोग अक्सर होने वाले सिरदर्द, सामान्य बुखार जैसी समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि कुछ स्थितियों में इसके गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं? सामान्य सी दिखने वाले येसमस्याएं कुछ स्थितियों में गंभीर अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं, जिसके कारण जान जाने का भी खतरा हो सकता है। दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को सावधान कर रहे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ब्रेन ट्यूमर ढाई लाख से अधिक लोगों की मौत का कारण बन रहा है।

साल 2020 में ब्रेन ट्यूमर और इसके कारण होने वाले कैंसर से 2.46 लाख लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर बताते हैं, हो सकता है कि ब्रेन ट्यूमर होने के बावजूद भी आपको कई वर्षों तक इस बारे में पता ही न चले। कई मामलों में ट्यूमर का विकास इतनी धीमी गति से होता है कि इसके लक्षण नजर ही नहीं आते हैं। इस स्थिति में जरूरी है कि आप कुछ सामान्य संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहें। यही कारण है कि डॉक्टर अक्सर होने वाले सिरदर्द को अनदेखा न करने की सलाह देते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे पता लगाया जा सकता है कि कहीं आपको ब्रेन ट्यूमर तो नहीं है?



#### ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों के बारे में जानने से पहले ये समझ लेना आवश्यक है कि आखिर ब्रेन ट्यूमर होता क्या है?

ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में या उसके आस-पास की कोशिकाओं में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होता है। ये कैंसर कारक भी हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि मस्तिष्क में 120 से अधिक विभिन्न प्रकार के ट्यूमर विकसित हो सकते हैं। यदि परिवार में किसी को ब्रेन ट्यूमर हुआ हो तो अन्य लोगों को भी सावधान रहने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा प्लास्टिक और रसायन उद्योग में काम करने वाले लोगों में भी इसका खतरा हो सकता है। आनुवांशिकता के साथ लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के साथ कई तरह की पर्यावरणीय स्थितियों के कारण आप इस गंभीर समस्या का शिकार हो सकते हैं?

#### आपको भी तो नहीं होता है अक्सर सिरदर्द

डॉक्टर बताते हैं, ब्रेन ट्यूमर की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती रह सकती हैं, सिरदर्द होना इसका सबसे आम संकेत है। डॉक्टर कहते हैं, सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज्यादा बढ़ जाता है या अक्सर बने रहने वाला सिरदर्द कई मामलों में ब्रेन ट्यूमर का



संकेत हो सकता है। अगर आपको भी इस तरह की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें। मस्तिष्क में होने वाले ट्यूमर के लक्षण इसके आकार और स्थान पर निर्भर करते हैं। कई मामलों में लक्षण इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर कितनी तेजी से बढ़ रहा है? सिरदर्द होना इसका प्रारंभिक संकेत माना जाता है, इसे अनदेखा न करें।

#### ब्रेन ट्यूमर के इन लक्षणों के बारे में भी जानिए



जिन लोगों को ब्रेन में ट्यूमर की समस्या होती है उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है और इसके कई तरह के लक्षण हो सकते हैं। सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज़्यादा होता है।बार-बार होता है और ज्यादा गंभीर रूप से होने वाला सिरदर्द।मतली या उल्टी जैसा महसूस होना। आंखों की समस्याएं, जैसे कि धुंधला दिखाई देना, दोहरी दृष्टि।हाथ या पैर में संवेदना या गति कम हो जाना।शारीरिक संतुलन और बोलने में कठिनाई महसूस होना। समय के साथ याददाश्त संबंधी समस्याएं होना। अक्सर चक्कर आना या ऐसा महसूस होना कि दुनिया घूम रही है।

#### ब्रेन ट्यूमर हर बार कैंसर नहीं

ब्रेन ट्यूमर के सभी मामले कैंसर वाले हों ये जरूरी नहीं है। समय पर इलाज से इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम किया जा सकता है। अगर आपकी उम्र अधिक है, आप मोटापे का शिकार हैं या फिर रसायनों के संपर्क में अधिक रहते हैं तो ब्रेन ट्यूमर के संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है।



### राष्ट्रीय तीरंदाजी के रिकर्व वर्ग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** यहां जारी एनटीपीसी जूनियर (रिकर्व, कंपाउंड एवं इंडियन राउंड) राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर से आए जूनियर तीरंदाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष एवं महिला वर्ग की रिकर्व स्पर्धा में कड़े मुकाबलों के बीच मेडल टैली घोषित की गई। 70+70 मीटर दूरी – पुरुष वर्ग (रिकर्व) में महाराष्ट्र के सैराज दिनेश हनमे ने 684 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के उज्जवल धामा ने 674 अंकों के साथ रजत तथा राजस्थान के अथर्व शर्मा ने 673 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में हरियाणा के अगस्त्य सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान के आदित्य जावा दूसरे तथा पश्चिम बंगाल के जुएल सरकार तीसरे स्थान पर रहे। 70+70 मीटर दूरी – महिला वर्ग (रिकर्व) में मध्यप्रदेश की क्रातिका बिचपुरिया ने 659 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की माधवी चौहान (657 अंक) को रजत और हरियाणा की तमन्ना देशवाल (647 अंक) को कांस्य पदक मिला। महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में राजस्थान की प्रांजल ठोलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की तमन्ना देशवाल दूसरे तथा ओडिशा की मानसवरी हसदक तीसरे स्थान पर रहीं। मिक्स्ड टीम रिकर्व स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की जोड़ी उज्जवल धामा एवं माधवी चौहान ने स्वर्ण पदक




जीता। महाराष्ट्र की टीम सैराज दिनेश हनमे एवं कुमकुम अनिल मोहोड़ को रजत, जबकि तमिलनाडु की टीम स्मरण सर्वेश एवं जे. तौफिना बेगम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिली है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होते हैं।

#### सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंतर्गत रिकर्व राउंड के मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में टोपलाल वर्मा (प्रांत संघचालक-आरएसएस), डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल (चिकित्सक), नरेश गुप्ता (सीए एवं भाजपा नेता) तथा पद्मश्री सम्मानित पूर्णिमा महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टोपलाल वर्मा ने तीरंदाजी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति और अध्यात्म से गहराई से जुड़ी हुई विधा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो खिलाड़ी पदक जीतने से चूक गए हैं, उन्हें हताश नहीं होना चाहिए, बल्कि और अधिक मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार भी सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है और यही अनुभव खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। आयोजकों ने जानकारी दी कि रिकर्व राउंड के मुकाबलों का समापन हो चुका है। अब कंपाउंड वर्ग के खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे, इसके बाद से कंपाउंड वर्ग की स्पर्धाएं प्रारंभ होंगी।



## राष्ट्रीय साइकिल पोलो में दम दिखाएंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

**भिलाई।** भारतीय सायकल पोलो महासंघ द्वारा आरा बिहार में 46वीं सीनियर पुरुष, 44 जूनियर बालक एवं 40वीं सब जूनियर बालक राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार तथा बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने बताया कि उक्त

- आरा बिहार के लिए रवाना हुई टीम, उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ टीम बुधवार को दुर्ग से रवाना हुई।

टीम के चीफ कोच देवप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस बार तीनों वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने की कोशिश रहेगी। छत्तीसगढ़ टीम में रोहन तांडी (कप्तान), चंद्रशेखर साहू, शैलेन्द्र, करण शाह, पंकज सिंह, पीयूष साहू, शुभम यादव, राहुल निर्मलकर, सौरभ दास मानिकपुरी और देवेश चंद्राकर हैं। वहीं सब जूनियर बालक में भावेश साहू, सौरभ सिन्हा, तेजेश्वर देशमुख, तन्मय




निर्मलकर, भावेश निर्मलकर, पुष्कर साहू, तुषार देवांगन एवं मृणाल गजभिए हैं। कोच देवप्रकाश वर्मा, शशांक देशमुख, अभिषेक जायसवाल एवं मैनेजर कामेश्वर साहू हैं। उन्होंने बताया कि सब जूनियर बालक को विगत 16 वर्षों में 9 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तथा 3 कांस्य पदक प्राप्त हो चुके हैं। गत वर्ष कांस्य पदक प्राप्त हुआ था। वहीं जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को गत वर्ष स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था तथा विगत 16 वर्षों में 10 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक जीत चुकी है। सीनियर पुरुष को गत वर्ष कांस्य पदक प्राप्त हुआ था।प्रतियोगिता में कुल 22 राज्यों के अलावा भारतीय वायु सेना, प्रादेशिक सेना एवं भारतीय थल सेना की टीम भी भाग ले रही है।

टीम की रवानगी के अवसर पर पवन कुमार शर्मा अध्यक्ष दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ, ई. वी. सुनील उपाध्यक्ष दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ,सुभाष टहनगुरिया उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ,विनायक चन्नावार संयुक्त सचिव भारतीय सायकल पोलो महासंघ, नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइक्लिंग क्लब, परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, एस के तिनगुरिया उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ, शशिकांत पांडे सदस्य दुर्ग जिला सायकल पोलो संघ आदि उपस्थित थे।

## घर में गैस पर आसानी से बनाएं बाटी-चोखा



अगर आपके पास ओवन या एयरफ्रायर भी नहीं है तो घर के गैस चूल्हे पर भी बाटी बनाई जा सकती है। यहां आपको गैस-चूल्हे पर बाटी बनाने का आसान तरीका बताया जा रहा है। गैस पर बाटी बनाना काफी आसान है और इसका स्वाद भी तंदूरी बाटी जैसा ही होता है। आइए जानते हैं स्टेप-बाय-स्टेप बाटी बनाने की विधि। दो कप गेहूं का आटा, दो बड़े चम्मच सूजी, चार चम्मच घी, नमक, बेकिंग पाउडर, हींग, जीरा, पानी, घी।

#### बाटी बनाने की आसान विधि

स्टेप 1- एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, सूजी, नमक, हींग और जीरा डालकर मिला लें। चार बड़े चम्मच घी के डालकर अच्छी तरह से मिला लें।

स्टेप 2- थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूथ लें और गूथे हुए आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें।

स्टेप 3- बाटी बनाने के लिए छोटे-छोटे आकार की लोइयां लेकर गोल बना लें। हल्के हाथों से गोलों को हल्का चपटा करें। ध्यान रखें कि इसमें कोई दरार न आए।

बाटी बनाने के लिए फिलिंग का तरीका वैसा ही रखें जैसे ओवन और तंदूर में होता है। आप सत्तू भी बाटी में भर सकते हैं।

स्टेप 4- गैस पर बाटी सेंकने के लिए तवा या जाली (ग्रिल स्टैंड) का उपयोग करते हुए तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। इसमें बाटियों को रखें और धीमी आंच पर सेंके।

स्टेप 5- तीन-चार मिनट में बाटियों को पलटते रहें ताकि वे चारों ओर से अच्छी तरह से सिक जाएं। जब बाटियां सुनहरी और क्रिस्पी हो जाएं तो हटा ले।

**कार्नर न्यूज**


### बेस्ट रिजल्ट के लिए जरूर अपनाइए रेसिस्टेंस बैंड

# रेसिस्टेंस बैंड की मदद से की जा सकती हैं एक्सरसाइज, स्फूर्ति के साथ मिलेगी तंदुरुस्ती

जब हम वर्कआउट करते हैं तो हम सभी की यही इच्छा होती है कि हमें बेस्ट रिजल्ट मिल सके। इसके लिए हम कई तरह के इक्विपमेंट का सहारा लेते हैं। इन्हीं में से एक है रेसिस्टेंस बैंड। इसे एक वर्सेटाइल टूल माना जाता है, जो अलग-अलग एक्सरसाइज में रेसिस्टेंस को शामिल करके आपकी स्ट्रेंथ और फ्लेक्सिबिलिटी को इंप्रूव करने में मदद करते हैं।

रेसिस्टेंस बैंड का एक फायदा यह भी होता है कि इसकी मदद से आप अपने पूरे शरीर का वर्कआउट कर सकते हैं। रेसिस्टेंस बैंड आपके ज्वॉइंट्स पर दबाव नहीं डालते हैं, जिससे चोट लगने का जोखिम कम हो जाता है। आप चाहे बिगनर हों या फिर एक्सपर्ट, रेसिस्टेंस बैंड से आपको बहुत अधिक फायदा मिलता है।

रेसिस्टेंस बैड को आप कई तरीकों से अपने फिटनेस रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप रेसिस्टेंस बैंड की मदद से कर सकते हैं-



#### बाइसेप कर्ल

रेसिस्टेंस बैंड की मदद से आप बाइसेप कर्ल कर सकते हैं। यह आपके बाइसेप्स की मसल्स को टारगेट करता है। बाइसेप कर्ल करने के लिए आप पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखकर बैंड के बीच में खड़े हो जाएं। रेसिस्टेंस बैंड आपके पैर के नीचे होगा। अब हथेलियों को आगे की ओर रखते हुए बैंड के हैंडल या सिरों को पकड़ें। अब अपनी कोहनियों को अपने साइड्स के पास रखें और अपने हाथों को अपने कंधों की ओर मोड़ें। फिर आप उसे वापिस लाएं। इस तरह आप बाइसेप कर्ल को क्षमतानुसार कर सकते हैं।

#### चेस्ट प्रेस

अगर आप घर पर चेस्ट प्रेस कर रहे हैं तो रेसिस्टेंस बैंड की मदद से इसे आसानी से किया जा सकता है। चेस्ट प्रेस वर्कआउट आपकी चेस्ट, कंधे और ट्राइसेप्स को टारगेट करता है। इसे करने के लिए आप बैंड को अपने पीछे किसी मजबूत जगह जैसे दरवाजे के एंकर के चारों ओर लगाएं। अब अपने हाथों को चेस्ट के लेवल पर रखते हुए रेसिस्टेंटस बैंड के हैंडल को पकड़ें। आपकी हथेलियां नीचे की ओर हों। अब आप रेसिस्टेंस बैंड को आगे की ओर धकेलें, जब तक कि आपके आर्म्स पूरी तरह से फैल न जाएं। फिर आप धीरे-धीरे शुरुआती स्थिति में वापस आएं। इस तरह आप आसानी से घर पर ही चेस्ट प्रेस कर सकते हैं।

#### स्क्वाट्स

स्क्वाट्स को लोअर बॉडी खासतौर से पैरों के लिए एक बेहतरीन वर्कआउट माना जाता है। यह एक्सरसाइज क्वाड्रिसेप्स, हैमस्ट्रिंग और ग्लूट्स की मसल्स को टारगेट करता है। इस एक्सरसाइज के लिए पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखकर बैंड पर खड़े हो जाएं। हैंडल को शोल्डर लेवल पर पकड़ें। अब अपनी चेस्ट को ऊपर और घुटनों को अपने पंजों के पीछे रखते हुए स्क्वाट्स की पोजिशन में आ जाएं। अब आप खड़े होने के लिए अपनी एड़ियों से पुश करें। इस तरह आप रेसिस्टेंस बैंड की मदद से स्क्वाट्स करके अतिरिक्त रेसिस्टेंस को शामिल कर सकते हैं।

#### ट्राइसेप एक्सटेंशन

अगर आप अपनी ट्राइसेप की मसल्स का वर्कआउट करना चाहते हैं तो ऐसे में रेसिस्टेंस बैंड की मदद से ट्राइसेप एक्सटेंशन करें। इसके लिए आप बैंड के एक हैंडल को एक हाथ से पकड़ें और दूसरे हैंडल को अपनी पीठ के पीछे रखें। अब हैंडल को पकड़े हुए हाथ को ऊपर की ओर बढ़ाएं, फिर उसे अपने सिर के पीछे नीचे करें।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### नेटफ्लिक्स की वॉर्नर ब्रदर्स वाली डील से भारतीय थिएटर्स को झटका



भारत में सिनेमाघरों की दुनिया एक बड़े बदलाव की दहलीज़ पर खड़ी है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स द्वारा हॉलीवुड की बड़ी कंपनी वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने की घोषणा के बाद भारतीय फिल्म जगत में हलचल मच गई है। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) ने इस प्रस्तावित सौदे पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए कहा है कि यह भारत की थिएटर आधारित फिल्म अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है।

मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि अगर एक ऐसा डिजिटल मंच, जो पहले ही सिनेमाघरों में फिल्में दिखाने को प्राथमिकता नहीं देता, दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो में से एक को खरीद लेता है, तो सिनेमाघरों में मिलने वाली उच्च स्तर की फिल्मों की संख्या घट सकती है। संभावना यह है कि भारी बजट की अंतरराष्ट्रीय फिल्में सीधे इंटरनेट मंचों पर ही जारी हों और सिनेमाघरों को उनका परंपरागत प्रदर्शन समय ही न मिले। इसका प्रभाव टिकट बिक्री, फिल्म की उपलब्धता और संपूर्ण सिनेमा प्रणाली पर पड़ेगा। वॉर्नर ब्रदर्स लंबे समय से भारतीय सिनेमाघरों के लिए एक भरोसेमंद सहयोगी रहा है, जो लगातार बड़ी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय फिल्मों को थिएटर में जारी करता आया है। अगर नेटफ्लिक्स इस स्टूडियो का मालिक बन जाता है तो माना जा रहा है कि फिल्म जारी करने की नीति बदल जाएगी और इंटरनेट-प्रथम मॉडल को बढ़ावा मिलेगा। एमएआई का कहना है कि इससे भारत में लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

## टॉलीवुड

### दुलकर ने अमल के साथ 14 साल पूरे होने का मनाया जश्न



अभिनेता दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल सूफिया के साथ शादी के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और एक प्यारा नोट भी लिखा। दुलकर सलमान ने 22 दिसंबर 2011 को अमल सूफिया से शादी की थी। इस जोड़े की एक बेटी है, जिसका नाम मरियम है। आज दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल के साथ 14 साल की शादी की सालगिरह का जश्न मनाया। आज दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं और साथ ही एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा। दुलकर ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी के साथ कई रोमांटिक और प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ दुलकर ने एक भावुक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने अपने रिश्ते के बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने शादी के दिन को याद करते हुए लिखा कि वे दोनों अलग-अलग परिवारों से आए दो अलग लोग थे। नए-नए शादीशुदा, एक स्टेज पर साथ खड़े थे। घबराए हुए, उम्मीद से भरे और भविष्य को लेकर उत्साहित। आज उन्होंने साथ मिलकर एक सुंदर घर और जिंदगी बनाई है, वो भी अपने सबसे बड़े आशीर्वाद (बेटी) के साथ। अब वे अपने करियर और घर दोनों में अपने व्यक्तिगत और साझा सपनों को पूरा कर रहे हैं। दुलकर ने लिखा कि वे अमल के जीवनसाथी होने पर बहुत शुक्रगुजार, खुश और गर्व महसूस करते हैं। दुनिया भी मानती है कि अमल हमेशा बेहतर पार्टनर हैं। दुलकर ने पत्नी अमल के लिए लिखा, '14वीं सालगिरह मुबारक हो मेरी जान। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं।' दुलकर की इस पोस्ट पर फैंस ने ढेर सारी बधाइयां दीं। दुलकर सलमान और अमल अपना रिश्ता ज्यादातर निजी रखते हैं।

## छॉलीवुड

### 'धनेश की आराधना' आज होगी रिलीज दर्शकों का प्यार मिलने की उम्मीद



एमए प्रीवियस की सफलता के बाद अरण्य सिनेमा की अगली प्रस्तुति 'धनेश की आराधना' 25 दिसंबर को रिलीज़ होने जा रही है। इससे पूर्व अरण्य सिनेमा के निर्माता राज वर्मा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनेता, निर्माता, निर्देशक एवं लेखक के तौर पर 5 फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं जिसमें फिल्म तरी हरी नाना, मनमोहिनी, बी.ए. फाइनल ईयर, दूल्हा राजा, एम ए प्रीवियस शामिल हैं। फिल्म - ₹ धनेश के आराधना ₹ के निर्माता राज वर्मा एवं लेखक व निर्देशक प्रणव झा हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका के तौर पर पर्दे पर पहली बार आ रहे इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर धनेश साहू है। जिनके इंस्टाग्राम में 10 लाख से भी अधिक फॉलोअर हैं। वे हास्य वीडियो बनाते हैं इन्हें पहली बार बड़े पर्दे में मुख्य भूमिका में पहली बार काम करने का अवसर मिला है। फिल्म की अभिनेत्री आराधना साहू है जिन्हें फिल्म के निर्माता राज वर्मा ने एम.ए. प्रीवियस में इंट्रोड्यूस किया था। यह उनकी दूसरी फिल्म है, साथ ही इस फिल्म में इंस्टाग्राम में फेमस टीम में से काका का किरदार निभाने वाले एवं सेवक का किरदार निभाने वाले कलाकार के साथ छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी के स्थापित अभिनेता शमशीर सीवानी भी फिल्म में बेहतरीन कैरेक्टर में नजर आएंगे। सीवानी अपने अब तक के करियर में पहली बार नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। वहीं साथी कलाकार के रूप में दादू साहू, धर्मेंद्र चौबे, कुबेर नेताम, जयंती मनहर, संगीता निषाद, राजेश बाघमारे, पूनम गोस्वामी, मंदिरा नायक, दीपाली पांडे इत्यादि कलाकार नज़र आएँगे।

# लाइफ स्टाइल



## फैशन

इस साल, लागोस के विक्टोरिया आइलैंड के बालमोरल कन्वेंशन सेंटर में हुए फैशन फाइनेस्ट एपिक शो के 5वें एडिशन की थीम "भविष्य के लिए फैशन" रखी गई थी। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो अफ्रीका में फैशन इंडस्ट्री के सबसे अच्छे टैलेंट को अपनी कला, क्रिएटिविटी और खासियत दिखाने के लिए इकट्ठा करता है। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सोला ओयेबडे ने कहा, फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका में हम जिन चीज़ों पर बहुत ध्यान देते हैं, उनमें से एक नए और उभरते हुए डिज़ाइनरों को प्रमोट करना है।

## बिना डाई के ऐसे काले करें अपने बाल, कम उम्र के लोगों के काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे

आजकल की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ने लगा है। खासतौर पर प्रदूषण की वजह से बाल काफी कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में बालों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। कई बार तो बालों का ध्यान रखने के बावजूद बहुत से युवा कम उम्र में ही बालों के सफेद होने से परेशान रहते हैं। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल अपने आप काले होने लगेंगे। हालांकि इन चीजों के इस्तेमाल से बाल पूरी तरह से काले नहीं होते, लेकिन हां थोड़ा-बहुत इनका असर जरूर दिखता है।

यदि आप हमारे बताए गए उपायों को फॉलो करने का सोच रहे हैं, तो एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

### आंवला इस्तेमाल करें

आंवला में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को न सिर्फ काला करते हैं, बल्कि उन्हें आंतरिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। ऐसे में चाहें तो आंवले के तेल से बालों की नियमित मालिश करें। इसके अलावा आप आंवला पाउडर को पानी में उबालकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से भी बाल काले हो सकते हैं।

### करी पत्ता और नारियल तेल



करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को मजबूत बनाने और काला करने में मदद करेंगे। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें। इस तेल से हफ्ते में 2-3 बार मालिश करें। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

### भृंगराज तेल

भृंगराज को केश राजा कहा जाता है। ऐसे में भृंगराज तेल से सिर की मालिश करें। आप भृंगराज पाउडर को पानी में मिलाकर मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपके बाल प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

## लाख रुपए से ज्यादा की होती है कुछ साड़ियां, अनमोल है महिलाओं की शोभा





हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं।

साड़ियों को विदेशों में भी प्रचलित करने के लिए 21 दिसंबर को साड़ी डे मनाया गया है। आपको भी भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में जानना चाहिए। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।



### कांचीपुरम सिल्क साड़ी

कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।


### बनारसी सिल्क साड़ी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला

गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

## सर्दियों में चाहिए दमकती त्वचा तो ये स्किन केयर रूटीन अपनाएं



बहुत से लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं, जबकि आप साधारण तरह से भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे, साथ ही में आपका चेहरा भी चमकेगा। तो चलिए आपको बिना देर किए आपको सर्दियों में स्किन केयर रूटीन करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आप भी इसका फायदा ले सकें।

### क्लींजर है जरूरी

सर्दियों में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमेशा ऐसा क्लींजर चुनें जो त्वचा से नमी को हटाए बिना गंदगी को साफ करे। चेहरा साफ करने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचें। ज्यादा गर्म पानी से त्वचा शुष्क हो सकती है, इसलिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

त्वचा पर अगर सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न किया जाए तो त्वचा रूखी होने लगती है, क्योंकि सर्दियों में त्वचा को अधिक हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है। हाइलूरोनिक एसिड, शीया बटर, और ग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइजर अच्छे विकल्प हैं।

### एक्सफोलिएट करें

त्वचा की डेड स्किन को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटर का उपयोग करें। बस ध्यान रखें कि ये स्क्रब या एक्सफोलिएटर आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए। बस ध्यान रखें कि बार-बार एक्सफोलिएशन त्वचा को और शुष्क कर सकता है।

## चेहरे पर कोल्ड क्रीम लगाने का सही तरीका जरूर जानिए, मिलेगी तारीफ


सर्दी के मौसम में हर कोई त्वचा का रूखेपन से परेशान रहता है। इस रूखेपन को दूर करने के लिए लोग कई तरह के बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। बाजारों में आजकल हर स्किन टाइप के हिसाब से क्रीम मिल जाती है, जो त्वचा संबंधी कई परेशानियों को दूर करती हैं। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम भी त्वचा के रूखेपन को दूर नहीं कर पाते। ये आपकी लापरवाही की वजह से हो सकता है।

### चेहरा साफ करें

कोल्ड क्रीम या फिर कोई सी भी क्रीम लगाने के पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड फेसवॉश से धो लें। चेहरे को धोने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा जरूर लें, ताकि क्रीम चेहरे पर सही से सेट हो जाए।

### डॉट्स में लगाएं

अक्सर लोग क्रीम को सीधा हाथ में लेते हैं और उसे चेहरे पर रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्रीम को हमेशा चेहरे पर डॉट्स की तरह माथे, नाक, गाल, और ठुड्डी पर लगाएं। फिर इसे हल्के हाथ से रब करें।



### सर्कुलर मोशन में मसाज करें

क्रीम को अपनी उंगलियों पर लेकर चेहरे की सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। आंखों के आसपास क्रीम लगाते समय ध्यान रखें कि क्रीम आंखों के अंदर न जाए, वरना आपको परेशानी हो सकती है।

### रात को लगाएं

यदि आप चाहते हैं कि क्रीम का असर चेहरे पर जल्दी हो तो कोल्ड क्रीम को नाइट क्रीम के रूप में इस्तेमाल करना बेहतर है। इसे लगाने के बाद त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है।

## कार्नर न्यूज

### खास मौके के लिए खुद को करें बेहतरीन ढंग से स्टाइल

## 31 दिसंबर की पार्टी के लिए पहनें ऐसे कपड़े कड़ाके की ठंड में मिलेगा आकर्षक स्टाइल

नए साल के स्वागत के लिए लोग 31 दिसंबर को रात पार्टी करते हैं। दिसंबर और जनवरी कड़ाके की ठंड का समय है। इस दौरान बेहद सर्द हवाएं चलती हैं। अब अगर इतनी सर्दी में घर से बाहर पार्टी करने जा रहे हैं तो ठंड से बचाव भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य पर असर न पड़े। इसके लिए सर्दियों वाले कपड़े, जैसे स्वेटर, कोट, जैकेट आदि पहनकर ही घर से निकल सकते हैं। लेकिन ये आपका लुक खराब कर देंगे। पार्टी में स्टाइलिश लुक चाहिए और सर्दी से बचना भी है तो कुछ ऐसे फैशन हैक्स हैं जो काम आ सकते हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल की पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो खुद को इस तरह से लड़कियां स्टाइल कर सकती हैं और सर्दी से भी बच सकती हैं।

### लेदर ट्राउजर

ब्लैक लेदर ट्राउजर सर्दियों में पार्टी के लिए ग्लैमरस आउटफिट में गिनी जा सकती है। इस तरह की पैंट या ट्राउजर के साथ आप ऑफ शोल्डर वूलन टॉप, शिमर शॉर्ट ब्लेजर, डीप नेकलाइन कोट या वुलन पुलओवर




पहन सकती हैं। ये स्टाइलिश भी लगता है और सर्दी में आपके शरीर को गर्माहट भी देता है।

### सर्दियों की पार्टी के लिए स्कर्ट

मिनी स्कर्ट के साथ लैदर जैकेट आपको बोल्ड लुक दे सकता है। अगर आप मिनी स्कर्ट पहन रही हैं तो लॉन्ग नी लेंथ बूट्स से खुद को स्टाइल करें। सर्दी से बचने के लिए हिक टाइट या लेगिंग पहन सकती हैं। इसके अलावा नी लेंथ टेनिम स्कर्ट के साथ स्टाइलिश वुलन टॉप, पुलओवर पहन सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में स्कार्फ या मफलर को जोड़ा जा सकता है। बूट या शूज पहन सकती हैं।

